RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




पेज 7 राधिका 12 साल बाद बनीं...


वर्ष : 26 | अंक : 354 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 15 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


# नोएडा अथॉरिटी के निलंबित अफसर के घर छापे में अकूत दौलत का खुलासा

## 16 करोड़ का घर, 15 करोड़ का स्कूल, 60 लाख के गहने

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा विकास प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी रहे रवींद्र सिंह यादव के नोएडा और इटावा स्थित ठिकानों पर विजिलेंस ने 18 घंटे तक रेड डाली। रेड में रवींद्र यादव के 16 करोड़ के घर से 60 लाख के गहने और 2.5 लाख कैश बरामद हुए. विजिलेंस टीम शनिवार को उनके नोएडा स्थित आवास और इटावा के स्कूल पहुंची थी। रवींद्र यादव वर्तमान में निलंबित चल रहे हैं।

उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई हुई है। रवींद्र यादव के खिलाफ जांच के बाद आय से अधिक संपत्ति का मामला सामने आया था। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी, जिसके बाद रवींद्र सिंह यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत यूपी विजिलेंस डिपार्टमेंट ने एफआईआर दर्ज की थी।

कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद यूपी विजिलेंस डिपार्टमेंट के मेरठ सेक्टर की टीमों ने 14 दिसंबर को रवींद्र यादव के नोएडा स्थित आवास और इटावा स्थित स्कूल पर छापेमारी की। नोएडा सेक्टर-47, स्थित उनके तीन मंजिला आवासीय परिसर से 60 लाख से अधिक के जेवर और 2.5 लाख कैश बरामद हुए. रवींद्र यादव के नोएडा वाले घर की वर्तमान कीमत करीब 16 करोड़ रुपये है. घरे में लगे सामानों व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की अनुमानित कीमत 37 लाख रुपये है।

रवींद्र सिंह यादव को नोएडा विकास प्राधिकरण में वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते कुछ महीने पहले निलंबित कर दिया गया था। उनके खिलाफ कई शिकायतें दर्ज थीं, जिनमें से कुछ में भूखंड आवंटन और प्राधिकरण की संपत्तियों का दुरुपयोग शामिल है।



हालांकि, रवींद्र सिंह यादव ने पहले ही इन आरोपों को खारिज करते हुए खुद को निर्दोष बताया था। उनका कहना है कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। विजिलेंस टीम अब जब्त किए गए दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों का अध्ययन करेगी। जांच पूरी होने के बाद रवींद्र सिंह यादव पर कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा। यह छापेमारी नोएडा विकास प्राधिकरण में जारी भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा मानी जा रही है।

एडिशनल एसपी विजिलेंस इंदु सिद्धार्थ ने बताया कि छापेमारी के दौरान रविंद्र सिंह यादव के घर से 70 से 75 लाख यानी करीब ढाई करोड़ के जेवरात मिले, जिनके दस्तावेज उसके परिजन नहीं दिखा पाए। ये जेवरात आरोपी द्वारा अपनी आय से अधिक अर्जित की गई संपत्ति से बनवाए गए थे। इसके अलावा घर में 40 लाख के अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान भी मिले।

### स्कूल में लगा है 2 करोड़ का फर्नीचर

रविंद्र सिंह यादव के बेटे के नाम से इटावा के जसवंत नगर में चल रहा स्कूल लग्जरी सुविधाओं से लैस है। जांच के दौरान विजिलेंस टीम को करीब 2 करोड़ का फर्नीचर और एक करोड़ की लागत से खरीदी गई 10 अलग-अलग बसें मिलीं।

### विदेश यात्रा की जानकारी जुटाई जा रही है

छापेमारी के दौरान नोएडा के सेक्टर 47 स्थित घर से एक पासपोर्ट भी मिला, जिससे यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी ने कितनी बार विदेश यात्रा की है। इसके अलावा बैंक खातों की भी जानकारी मिली है। विजिलेंस टीम उसकी भी जांच कर रही है।

# कल लोकसभा में पेश नहीं होगा 'एक देश एक चुनाव' विधेयक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'एक देश एक चुनाव' विधेयक के सोमवार को लोकसभा में पेश होने की चर्चा थी, लेकिन अब सरकार ने इसे टाल दिया है। 'एक देश एक चुनाव' विधेयक अब इस सप्ताह के बाद के दिनों में लोकसभा में पेश किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार पहले वित्तीय कार्यों को पूरा करेगी।

गौरतलब है कि दो विधेयक - संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक, सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध थे। सोमवार को अब पहले अनुदानों की अनुपूरक मांगों को सदन द्वारा पारित किए जाने के बाद इस सप्ताह के अंत में विधेयक पेश किए जा सकते हैं।



लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संशोधित कार्य सूची में सोमवार के एजेंडे में ये दोनों विधेयक शामिल नहीं हैं। संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त होने वाला है।

विधेयक में एक नया अनुच्छेद 82(ए) (लोकसभा और सभी विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव) जोड़ा गया है और अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि), अनुच्छेद 172 (राज्य विधानसभाओं की अवधि) और अनुच्छेद 327 (विधानसभाओं के चुनावों के संबंध में प्रावधान करने की संसद की शक्ति) में संशोधन किया गया है। संविधान (129वां संशोधन) विधेयक का मसौदा पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के अनुसार तैयार किया गया है। विधेयक के अनुसार, यदि लोकसभा या किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा पूर्ण कार्यकाल समाप्त होने से पहले भंग हो जाती है, तो केवल उस विधानसभा के लिए पांच साल के शेष कार्यकाल के लिए मध्यावधि चुनाव कराए जाएंगे। गुरुवार को कैबिनेट ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2024 को मंजूरी दी था, जिसके बाद शुक्रवार शाम को इसे सांसदों को वितरित किया गया।

# अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में पत्नी निकिता गुरुग्राम से गिरफ्तार

## पुलिस ने सास और साले को प्रयागराज से पकड़े



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बंगलूरू पुलिस ने इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में पत्नी, सास और साले को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया कि अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही निकिता की मां निशा सिंघानिया और भाई अनुराग सिंघानिया को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर बंगलूरू लाया गया। इसके बाद तीनों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। यहां से कोर्ट ने तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले अतुल सुभाष (34) का शव नौ दिसंबर को दक्षिण-पूर्व बंगलूरू के मुन्नेकोलालु में उसके घर पर फंदे से लटका मिला था।

उन्होंने वीडियो और नोट में आरोप लगाया था कि उससे अलग रह रही उसकी पत्नी और ससुराल वालों ने झूठे मामलों में फंसाकर और लगातार उत्पीड़न कर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया। इसी आधार पर मराठाहल्ली पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया और निकिता समेत तीन को गिरफ्तार किया है।

दरअसल, पत्नी व उसके परिवार की प्रताड़ना और दो वर्ष में कोर्ट की 120 तारीखें इसके बावजूद न्याय न मिलने के कारण बंगलूरू में कार्यरत 34 वर्षीय आईटी पेशेवर अतुल सुभाष ने मौत को गले लगा लिया था। आत्महत्या को अंतिम विकल्प मानते हुए अतुल ने दुनिया से जाने से पहले करीब डेढ़ घंटे का वीडियो व 24 पन्ने का सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें शादीशुदा जिंदगी के सामाजिक तानेबाने की खामियां, साथी के लालच और षड्यंत्र की दास्तां, कानूनी महकमे में भ्रष्टाचार को उजागर किया था।

मामले में मराठाहल्ली पुलिस ने अतुल के भाई विकास कुमार की शिकायत पर अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया समेत चार लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की थी। निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा सिंघानिया, भाई अनुराग सिंघानिया और चाचा सुशील सिंघानिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। सभी पुलिस से भागते फिर रहे थे।

# महिला ने ससुर-जेठ पर लगाया गंभीर आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी क्षेत्र में एक महिला की अस्मत लूटने की कोशिश की गई। महिला ने अपने ससुर और जेठ पर इसका आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारा-पीटा और घर से निकाल दिया। महिला ने घटना की शिकायत थाना दादरी पुलिस से की है।

दादरी निवासी महिला शादी 2018 में गाजियाबाद के डासना में रहने वाले शाहिद से हुई है। शादी के समय महिला के परिजनों ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद भी उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। इस बीच उसके पिता की मौत हो गई। लेकिन ससुरालियों के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। इस दौरान उसका जेठ मासूम उस पर गलत नजर रखने लगा। जबकि ससुर मुन्ना भी उससे छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे 26 अक्टूबर 2024 को बहुत पीटा। जब उसने फोन कर अपने भाई को बुलाया तो उसके साथ भी बदसलूकी की गई। जिसके बाद उसका भाई उसे मायके ले आया।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर महिला के पति शाहिद, ससुर मुन्ना, जेठ मासूम और कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली-एनसीआर में शीतलहर से लुढ़का पारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहर के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पहाड़ों में बर्फबारी होने से वहां से आने वाली हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ा दी है। इससे दिल्ली में ठिठुरने बढ़ गई है। रात के समय ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेने लगे हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, आज सुबह नरेला में न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, आया नगर में 7.8, लोधी रोड में 7.0, पालम में 6.4 और रिज में 8.0 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।

पहाड़ों से आने वाली हवाएं सुबह व शाम को ठिठुरन बढ़ा रही हैं। शनिवार को दिन में धूप खिलने के बाद भी ठंडी हवाओं ने सर्दी का अहसास कराया। इस दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह



सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं, कई इलाकों में पांच डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंच गया। इससे लोगों को ठिठुरन महसूस हुई। इस दौरान हवा में नमी का स्तर 25 फीसदी से लेकर 76 फीसदी रहा।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं। लेकिन, धूप निकलने के बाद भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली। इससे दिन में भी ठंडक महसूस हुई। रात के समय ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेने लगे हैं। नरेला इलाके में सुबह सबसे ठंडी रही। यहां का न्यूनतम तापमान सबसे कम 4.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, पालम में 6.4, नजफगढ़ में 6.7, मयूर विहार में 6.8, लोधी रोड़ में 7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

हालांकि, आने वाले दिनों में तापमान में कोई बड़ी गिरावट आने का अनुमान नहीं है। इस दौरान अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर नई गति सीमा लागू

## कोहरे के कारण अब भारी वाहन 60 और हल्के 75 किमी की गति से दौड़ेंगे




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कोहरे के कारण यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों की गति सीमा घटा दी गई है। नई गति सीमा के मुताबिक भारी वाहन अधिकतम 60 किमी प्रति घंटा व हल्के वाहन अधिकतम 75 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेंगे। गति सीमा का उल्लंघन करने पर 2-4 हजार रुपये का चालान किया जाएगा। यह व्यवस्था 15 फरवरी तक लागू रहेगी।

एक्सप्रेसवे प्रबंधन ने चालकों से कोहरे में सतर्कता बरतने को कहा है। सर्दियों में कोहरे के कारण यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसों का खतरा बढ़ जाता है। एक्सप्रेसवे पर एकसाथ कई वाहनों के टकराने के हादसे भी हो चुके हैं। हादसों को रोकने के लिए यमुना प्राधिकरण ने गति सीमा घटाने की रिपोर्ट एक्सप्रेसवे प्रबंधन को भेजी थी।

नई गति सीमा के बोर्ड जगह-जगह लगा दिए गए हैं। साथ ही, स्क्रीन पर भी उन्हें दिखाया जा रहा है। इससे पूर्व हल्के वाहन के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी/घंटा व भारी वाहनों के लिए 80 किमी/घंटा थी।

# नोएडा-ग्रेनो डिपो को नए साल पर मिलेगी 100 नई सीएनजी बसें!

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा डिपो को 10 जनवरी तक 100 नई सीएनजी बसें मिलने जा रही हैं। इन बसों के आने से नोएडा डिपो में बसों की संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक अगले एक सप्ताह में इन नई बसों के रूट निर्धारित कर दिए जाएंगे।

बताया जा रहा है कि अभी तक 16 रूटों पर बसें चलाई जा रही थीं। अब इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके लिए फरीदाबाद में सीएनजी बसें तैयार की जा रही हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा के फरीदाबाद में आधुनिक सुविधाओं के साथ ये सीएनजी बसें तैयार की जा रही हैं। ये बसें पूरी तरह से आधुनिक तकनीकों से लैस होंगी। जानकारी के मुताबिक इन नई बसों में यात्रियों के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था, जीपीएस ट्रैकिंग और इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग जैसी अन्य सुविधाएं भी होंगी।



अभी तक नोएडा डिपो में 161 सीएनजी बसें हैं, अगले 2-3 महीने में 3 बसें एक्सपायर हो जाएंगी। लेकिन नोएडा डिपो को 100 में से 50 बसें मिलने के बाद इनकी संख्या 200 के पार हो जाएगी। परिवहन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ये बसें न केवल ईंधन के मामले में किफायती हैं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद हैं।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा डिपो में इन 100 नई बसों के शामिल होने से यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन सेवा में बढ़ोतरी होगी। इस कदम से खासकर उन यात्रियों को राहत मिलेगी, जो लंबे समय से अन्य रूटों में बसों की कमी से जूझ रहे थे। इसके लिए नए रूट इस तरह से प्लान किए जा रहे हैं कि वे नोएडा और उसके आसपास के प्रमुख इलाकों को बेहतर तरीके से जोड़ सकें।

## शतरंज का सरताज

एक बार फिर खेल की ऐतिहासिक घटना सामने है। सिर्फ 18 साल के डी. गुकेश शतरंज के विश्व चैम्पियन बने हैं। सपनों से भी ऊपर का कीर्तिमान। गौरव के आसमान में फिर भारत का नामज्। एक अतुलनीय, अकल्पनीय और अप्रत्याशित उपलब्धिज्। दरअसल गुकेश ने एक साथ कई इतिहास रचे हैं। वह दुनिया के सबसे युवा 'शतरंज चैम्पियन' हैं। उनसे पहले 22 साल की उम्र में गैरी कास्पारोव 1985 में शतरंज के सिंहासन पर बैठे थे। भारत के जन्मजात विश्व चैम्पियन और युवा पीढ़ी के सर्वोच्च आदर्श विश्वनाथन आनंद 31 वर्ष की उम्र में विश्व चैम्पियन बने थे। वह पांच बार विश्व चैम्पियन बने और शतरंज के तत्कालीन दिग्गजों को पराजित किया। अब गुकेश ने चीन के निवर्तमान विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन को आखिरी 14वीं बाजी की 58 चालों में पराजित किया। गुकेश पूर्व विश्व चैम्पियन और इस दौर के महानतम शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को भी 2022 में मात दे चुके हैं, लेकिन वह अब भी कार्लसन को ही सबसे बड़ा चैम्पियन मानते हैं। करीब 7 वर्ष की उम्र में गुकेश की मासूम आंखों ने चेन्नई में कार्लसन के मुकाबले ही विश्वनाथन आनंद को 'विश्व खिताब' हारते हुए देखा था। तब मानस में एक सपना उगा था कि यह विश्व खिताब भारत लेकर आऊंगा। आज वह सपना साकार हुआ है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज फेडरेशन के 138 साल के इतिहास में पहली बार एशिया के दो खिलाड़ी 'शतरंज का सिरमौर' बनने को आमने-सामने थे, लेकिन गुकेश ने यह गौरवान्वित क्षण भारत के हिस्से में दर्ज करा दिया। इस तरह गुकेश शतरंज के मौजूदा आनंद बनकर हमारे सामने हैं। उन्होंने खेल की बारीकियां, जटिलताएं, पेचीदगियां और मनःस्थिति महान विश्व चैम्पियन आनंद से ही सीखीं, 2023 में आनंद को ही पराजित किया और आज गुकेश 'शतरंज के विश्व चैम्पियन' हैं। मौजूदा चैम्पियनशिप का मुकाबला लगभग बराबरी पर चलता रहा। यदि गुकेश आखिरी 14वीं बाजी में नहीं जीतते, तो मुकाबला टाई-ब्रेक में जाता। उससे भी आगे जा सकता था, लिहाजा गुकेश ने आखिरी बाजी में जोखिम उठाया। तत्कालीन विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन पर खिताब बचाने का दबाव था। समय की अपनी सीमा भी थी। गुकेश डिंग की बिसात पर जिस 'भारी गलती' की उम्मीद कर रहे थे, अंततः वही हुआ और गुकेश ने हवा में अपनी बांहें उठाते हुए जीत की घोषणा कर दी। उनके पिता डॉ. राजीवनकांत बाहर प्रतीक्षा कर रहे थे और तनावग्रस्त भी थे। तभी अचानक उनके मोबाइल पर एक खबर उभरी और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुकेश विश्व चैम्पियन बन चुके थे। गुकेश के लिए 2024 बेशकीमती वर्ष रहा है। इसी साल वह अप्रैल में 'कैंडिडेट टूर्नामेंट' के विजेता बने, लिहाजा विश्व चैम्पियनशिप के लिए 'चैलेंजर' की पात्रता हासिल की। इसी साल सितंबर में 'शतरंज ओलिंपियाड' में भारत की पुरुष और महिला टीमें चैम्पियन बनीं। गुकेश ने पुरुष टीम का हिस्सा रहते हुए 'दोहरे स्वर्ण पदक' हासिल किए। जो सफर 7 साल की उम्र में आरंभ हुआ था, आज वह 'सफरनामा' बन चुका है और गुकेश शतरंज का नया अध्याय और इतिहास बन चुके हैं। हालांकि शतरंज भारत का लोकप्रिय खेल नहीं है। शतरंज के 85 ग्रैंडमास्टर्स में से 31 खिलाड़ी तमिलनाडु के हैं। इनमें से भी करीब 24 ग्रैंडमास्टर्स अकेले चेन्नई ने दिए हैं। शतरंज के इतिहास में गुकेश तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर हैं, जो 2750 की रेटिंग तक पहुंचे हैं। सबसे युवा 'कैंडिडेट विजेता' भी हैं। एशियाड के रजत पदक विजेता हैं। अब वह प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे तात! अग्नि का तो यह सहज स्वभाव ही है कि पाला उसके समीप कभी जा ही नहीं सकता और जाने पर वह अवश्य नष्ट हो जाएगा। महादेवजी और कामदेव के संबंध में भी यही न्याय ( बात ) समझना चाहिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-हियँ हरषे मुनि बचन सुनि देखि प्रीति बिस्वास।**
**चले भवानिहि नाइ सिर गए हिमाचल पास॥**

पार्वती के वचन सुनकर और उनका प्रेम तथा विश्वास देखकर मुनि हृदय में बड़े प्रसन्न हुए। वे भवानी को सिर नवाकर चल दिए और हिमाचल के पास पहुँचे॥

**सबु प्रसंगु गिरिपतिहि सुनावा। मदन दहन सुनि अति दुखु पावा॥**
**बहुरि कहेउ रति कर बरदाना। सुनि हिमवंत बहुत सुखु माना॥**

उन्होंने पर्वतराज हिमाचल को सब हाल सुनाया। कामदेव का भस्म होना सुनकर हिमाचल बहुत दुःखी हुए। फिर मुनियों ने रति के वरदान की बात कही, उसे सुनकर हिमवान ने बहुत सुख माना॥

**हृदयँ बिचारि संभु प्रभुताई। सादर मुनिबर लिए बोलाई।**
**सुदिनु सुनखतु सुघरी सोचाई। बेगि बेदबिधि लगन धराई॥**

शिवजी के प्रभाव को मन में विचार कर हिमाचल ने श्रेष्ठ मुनियों को आदरपूर्वक बुला लिया और उनसे शुभ दिन, शुभ नक्षत्र और शुभ घड़ी शोधवाकर वेद की विधि के अनुसार शीघ्र ही लग्न निश्चय कराकर लिखवा लिया॥

(क्रमशः..)

## महाकुंभ मेला 2025

# सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को ऐसे समझिए

दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में मनाया जाने वाला महाकुंभ मेला सनातनी आस्था, संस्कृति और प्राचीन परंपरा का अद्भुत और बेमिसाल मिश्रण है। हिंदू पौराणिक कथाओं में वर्णित यह पवित्र त्योहार बारह वर्षों में चार बार मनाया जाता है, जो भारत के चार प्रतिष्ठित शहरों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक एवं प्रयागराज में बहने वाली सबसे पवित्र नदियों, गंगा, शिप्रा और गोदावरी के बीच घूमता है। कहना न होगा कि इनमें से प्रत्येक शहर सबसे पवित्र नदियों गंगा, शिप्रा, गोदावरी और खासकर प्रयागराज (पूर्वनाम इलाहाबाद) गंगा, यमुना एवं पौराणिक सरस्वती के संगम के किनारे स्थित हैं।

आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज एक बार फिर इस शानदार उत्सव का केंद्र बन जाएगा, जो लाखों तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को भक्ति, एकता और भारत की आध्यात्मिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति को देखने के लिए आकर्षित करेगा। इसलिए इसके राजनीतिक प्रभावों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर यदि हमारा नेतृत्व संवैधानिक राज के साथ-साथ सनातनी राज जैसी जनभावनाओं का भी बीजारोपण करे, तो यह भारत भूमि/आसेतु हिमालय के लिए बहुत बड़ा उपकार होगा। क्योंकि हमारी धर्मनिरपेक्ष नीतियां हीं हमारे बन्धु-बांधवों के दमन और उत्पीड़न की पर्याय बनती जा रही हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आसेतु हिमालयी देशों में हिन्दू जनमानस प्रताड़ित हो रहा है और हमारे नागा साधु भी इस स्थिति से उन्हें निजात नहीं दिलवा पा रहे हैं। भारत सरकार भी स्पष्ट और आक्रामक नीति से बच रही है, क्योंकि उसकी धर्मनिरपेक्षता ने हिन्दू उत्पीड़न को अघोषित गारंटी प्रदान करती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। इस पर हमारे साधु-संतों को गम्भीर होना होगा और धर्मनिरपेक्ष सरकार पर दबाव बनाना होगा। विश्व जनमानस पर भी इसका दबाव पड़े, यह चिंतन व अभिव्यक्ति शैली भी हमें विकसित करनी होगी। अतिक्रमित हिन्दू मंदिरों के पुनरुद्धार का मसला भी यहां उठना चाहिए, ताकि सबके बीच एक सकारात्मक संदेश जाए। इतिहास के पापों के प्रक्षालन का और कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इसके अलावा, और भी मुद्दे हैं, जिन पर इसी बहाने एक सकारात्मक बहस छिड़नी चाहिए।

वैसे तो इस भव्य आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों से परे खगोल विज्ञान, ज्योतिष, सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक ज्ञान का समृद्ध मिश्रण शामिल है। क्योंकि इस अवसर पर लाखों भक्त, तपस्वी और तपस्वी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान सहित पवित्र अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए एकत्र होते हैं। इसलिए सनातनी हितों के सवाल पर भी यहां मौखिक विमर्श शुरू होना चाहिए। यहां आने वाले लोग सनातन धर्म के कट्टर अनुयायी होते हैं, इसलिए सनातनी संवेदनाओं को समझते उन्हें देर नहीं लगेगी। जब वो समझेंगे, तभी औरों को भी समझा पाएंगे।यह पुण्य कार्य होगा। यहां आने वाले भक्तों का भी मानना है कि महाकुंभ स्नान से उनके पाप धुल जाते हैं और उन्हें आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। इस प्रकार महाकुंभ मेला न केवल भारत की गहरी जड़ें जमा चुकी विरासत का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि आंतरिक शांति, आत्म-बोध और सामूहिक एकता की शाश्वत मानवीय खोज को भी प्रदर्शित करता है।

**शाही स्नान :** महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है। माना जाता है कि शुद्धिकरण का यह कार्य व्यक्ति और उनके पूर्वजों दोनों को पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त कर देता है, जिससे अंततः मोक्ष या आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है।

स्नान अनुष्ठान के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा-पाठ में भी शामिल होते हैं और साधुओं एवं संतों के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक प्रवचनों में भाग लेते हैं, जिससे जीवन के अनुभव में आध्यात्मिक गहराई जुड़ जाती है। वैसे तो पूरे प्रयागराज महाकुंभ के दौरान पवित्र जल में डुबकी लगाना पवित्र माना जाता है, लेकिन कुछ तिथियां विशेष महत्व रखती हैं, जैसे पौष पूर्णिमा (13 जनवरी), मकर संक्रांति (14 जनवरी) आदि। इन तिथियों पर संतों, उनके शिष्यों और विभिन्न अखाड़ों (आध्यात्मिक क्रम में) के सदस्यों के साथ भव्य जुलूस निकलते हैं, जो शाही स्नान या 'राजयोगी स्नान' के नाम से जाने जाने वाले भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं। यह महाकुंभ मेले की आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है और इस आयोजन का मुख्य आकर्षण है। शाही स्नान की परंपरा इस विश्वास पर आधारित है कि जो लोग अनुष्ठान में भाग लेते हैं उन्हें पवित्र जल में डुबकी लगाने पर पुण्य कर्मों का आशीर्वाद मिलता है और उनसे पहले आए संतों का गहन ज्ञान प्राप्त होता है।



*महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है।*

**आरती :** नदी के किनारों पर मंत्रमुग्ध कर देने वाला गंगा आरती समागम में आए लोगों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण होता है। इस पवित्र अनुष्ठान के दौरान पुजारी जगमगाते दीपक पकड़कर दृश्य अभिनय प्रस्तुत करते हुए कठिन धर्मक्रिया करते हैं। गंगा आरती हजारों भक्तों को आकर्षित करती है, जिससे पवित्र नदी के प्रति गहरी भक्ति और श्रद्धा जागृत होती है।

**कल्पवास :** कल्पवास महाकुंभ उत्सव का एक गहरा लेकिन कम ज्ञात पहलू है, जो साधकों को आध्यात्मिक अनुशासन, तपस्या और उच्च चेतना के लिए समर्पित एक अनुष्ठान प्रदान करता है। संस्कृत से उत्पन्न 'कल्प' का अर्थ है ब्रह्मांडीय युग और वास का अर्थ है निवास, जो गहन आध्यात्मिक अभ्यास की अवधि का प्रतीक है। कल्पवास में भाग लेने वाले तीर्थयात्री सादगी का जीवन अपनाते हैं, सांसारिक सुख-सुविधाओं का त्याग करते हैं और ध्यान, प्रार्थना और धर्मग्रंथ अध्ययन जैसे दैनिक अनुष्ठानों में व्यस्त रहते हैं। कल्पवास में वैदिक यज्ञ और होम, पवित्र अग्नि अनुष्ठान जो दिव्य आशीर्वाद का आह्वान करते हैं और सत्संग, बौद्धिक एवं भक्ति विकास के लिए आध्यात्मिक प्रवचन भी शामिल हैं। यह गहन अनुभव बड़े तीर्थयात्रा के भीतर गहरी भक्ति और आध्यात्मिक परिवर्तन को बढ़ावा देता है।

**प्रार्थना और अर्पण :** माना जाता है कि श्रद्धालु कुंभ के दौरान संगम पर आने वाले देवताओं के सम्मान में देव पूजन करते हैं। श्राद्ध (पूर्वजों को भोजन और प्रार्थना करना) और वेणी दान (गंगा में बाल चढ़ाना) जैसे अनुष्ठान त्योहार के अभिन्न अंग हैं, जो समर्पण और शुद्धि का प्रतीक हैं। सत्संग या सत्य के साथ जुड़ना एक और मुख्य अभ्यास है जहां भक्त संतों और विद्वानों के प्रवचन सुनते हैं। ज्ञान का यह आदान-प्रदान आध्यात्मिकता की गहरी समझ को बढ़ावा देता है और उपस्थित लोगों को उच्च आत्म-साक्षात्कार के लिए प्रेरित करता है। कुंभ के दौरान परोपकार का बहुत महत्व होता है। दान के कार्य जैसे गौ दान (गायों का दान) वस्त्र दान (कपड़ों का दान) द्रव्य दान (धन का दान) और स्वर्ण (सोना) दान को सराहनीय माना गया है।

**दीप दान :** प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान दीप दान की रस्म पवित्र नदियों को एक मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य में बदल देती है। श्रद्धालु कृतज्ञता के रूप में त्रिवेणी संगम के बहते जल में हजारों प्रज्ज्वलित मिट्टी के दीपक (दीये) पानी में प्रवाहित करते हैं। अमूमन गेहूं के आटे से बने और तेल से भरे ये दीपक दिव्य चमक पैदा करते हैं। यह दिव्य प्रतिभा को दर्शाता है, जो आध्यात्मिकता और भक्ति का प्रतीक है। मेले की पृष्ठभूमि में नदी पर टिमटिमाते दीयों का दृश्य, वातावरण को धार्मिक उत्साह और एकता की गहरी भावना से भर देता है, जो तीर्थयात्रियों पर एक अमिट छाप छोड़ता है।

**प्रयागराज पंचकोशी परिक्रमा :** तीर्थयात्रियों को प्राचीन पद्धतियों से फिर से जोड़ने के लिए प्रयागराज की परिक्रमा करने की ऐतिहासिक परंपरा को पुनर्जीवित किया गया है। इस यात्रा में सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आध्यात्मिक पूर्णता प्रदान करने वाले द्वादश माधव और अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों जैसे पवित्र स्थल शामिल हैं। इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को इस महत्वपूर्ण आयोजन की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने और उसकी सराहना करने का अवसर प्रदान करते हुए एक ऐतिहासिक अनुष्ठान को पुनर्जीवित करना है।

**मेला के आकर्षण का केंद्र**

महाकुंभ मेले के अनुष्ठानों और परंपराओं के अलावा कई अन्य आकर्षण हैं जो 2025 के आयोजन को और भी उल्लेखनीय बनाते हैं। गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम के रूप में अपने पवित्र महत्व के लिए जाना जाने वाला प्रयागराज तीर्थयात्रियों के लिए एक प्रमुख स्थान है। मेले में आने वाले भक्तों को श्रद्धेय त्रिवेणी संगम, जहां तीन नदियां मिलती हैं वहां अवश्य जाना चाहिए। यह पवित्र स्थान गहन आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है, जो दुनिया भर से लाखों भक्तों और यात्रियों को आकर्षित करता है।

धार्मिक अनुष्ठानों के अलावा प्रयागराज सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वास्तुशिल्प रत्नों की एक समृद्ध श्रृंखला प्रदान करता है। शहर में हनुमान मंदिर, अलोपी देवी मंदिर और मनकामेश्वर मंदिर जैसे कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनमें से प्रत्येक का बहुत धार्मिक महत्व है और शहर की गहरी आध्यात्मिक विरासत की एक झलक प्रस्तुत करता है। ये मंदिर अपने अद्भुत डिजाइन और सदियों पुरानी किंवदंतियों के साथ हिंदू परंपराओं के साथ शहर के लंबे समय से जुड़े होने का प्रमाण हैं। इतिहास में रुचि रखने वालों के लिए प्रयागराज में अशोक स्तंभ जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल भी हैं। यह प्राचीन इमारत भारत के समृद्ध ऐतिहासिक अतीत की याद दिलाती है। इसके शिलालेख देश की प्राचीन सभ्यता को दर्शाते हैं। शहर की औपनिवेशिक युग की वास्तुकला, जिसमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय भवन और स्वराज भवन जैसी संरचनाएं शामिल हैं, इस क्षेत्र के आकर्षण को और बढ़ा देती हैं। ये इमारतें ब्रिटिश औपनिवेशिक काल की स्थापत्य भव्यता की एक आकर्षक झलक प्रदान करती हैं।

तीर्थयात्री हलचल भरी सड़कों और बाजारों के बारे में भी जान सकते हैं। इसके अलावा स्थानीय संस्कृति, कला और व्यंजनों का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं, जो सभी शहर के जीवन में एक अनूठा झरोखा पेश करते हैं। इन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक खजानों के अलावा प्रयागराज इलाहाबाद विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान भी है, जिसे 'पूर्व का ऑक्सफोर्ड' कहा जाता है। इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय ने वर्षों से भारत के बौद्धिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसके अलावा कुंभ मेले में अखाड़ा शिविर आध्यात्मिक साधकों, साधुओं और तपस्वियों को एकत्र होने, दर्शन पर चर्चा करने, ध्यान करने और अपने ज्ञान को साझा करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं। ये शिविर केवल पूजा स्थल नहीं हैं बल्कि ऐसे स्थान हैं जहां ज्ञान का आध्यात्मिक आदान-प्रदान होता है, जो महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए वास्तव में समृद्ध अनुभव प्रदान करता है। साथ में ये आकर्षण महाकुंभ मेला 2025 को आस्था, संस्कृति और इतिहास का उत्सव मनाने का मौका देते हैं, जो भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए एक अविस्मरणीय यात्रा का अनुभव प्रदान करते हैं। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि महाकुंभ मेला एक धार्मिक समागम से कहीं अधिक है; यह आस्था, अनुष्ठानों और आध्यात्मिक ज्ञान के साथ जुड़ा एक जीवंत उत्सव है जो भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के सार को दर्शाता है। यह राष्ट्र की गहरी जड़ों वाले लोकाचार को गहराई से दर्शाता है, जो मानवता और परमात्मा के बीच स्थायी संबंध को प्रदर्शित करता है। पवित्र नदियों में पवित्र स्नान, उपवास, दान और भक्ति जैसे सदियों पुराने अनुष्ठानों के माध्यम से यह भव्य समागम यहां आने वाले भक्तों को मोक्ष का मार्ग प्रदान प्रशस्त करता है। कुंभ मेले की परंपराए समय और स्थान की सीमाओं से अलग जाकर लाखों लोगों को उनकी पैतृक जड़ों और आध्यात्मिक मूल से जोड़ती हैं। यह एकता, करुणा और विश्वास के शाश्वत मूल्यों का एक जीवंत प्रमाण है जो समाज को एक सूत्र में बांधता है। साधु-संतों का भव्य जुलूस, गूंजते मंत्रोच्चार और नदियों के संगम पर किए जाने वाले पवित्र अनुष्ठान मेले को एक दिव्य अनुभव में बदल देते हैं जो हर भक्तों की आत्मा को छू जाता है। **-कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार**

## राशिफल

**मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष : पूर्णिमा** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। क्रोध में आकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
परिस्थितियों प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है। वाहन धीरे चलाएं या कोई रिस्क न लें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आनंददायक जीवन बिताएंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा रहेगा। व्यापार अच्छा रहेगा। बुजुर्गों का साथ होगा। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि भी होगी। घरेलू सुख बाधित होगा लेकिन घरेलू समारोह में वृद्धि भी होगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। एक बड़ी अच्छी व्यापारिक एनर्जी आप में बनी रहेगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धनार्जन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। निवेश अभी वर्जित रहेगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान मध्यम है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
ऊर्जावान बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम संतान मध्यम।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य नरम गरम।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

# विकास कार्यों की समीक्षा हेतु जिला योजना समिति की बैठक संपन्न

## समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्यवाही करें अधिकारीगणः बृजेश सिंह




**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने एवं जनपद के विकास कार्यो को और अधिक गति प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा हेतु जिला योजना समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये प्राधिकरण, जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने विकास से जुड़े कार्यक्रमों के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक करते हुए उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त विभागीय अधिकारी गण विकास से जुड़े हुए एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से माइक्रो प्लान तैयार करते हुए अपने कार्य को अंजाम दें ताकि सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनपद गौतम बुद्ध नगर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता के कार्यक्रम गोवंश संरक्षण के तहत जो गौशालाएं जनपद में संचालित की जा रही हैं सभी में मानकों के अनुरूप गोवंश को चारा उपलब्ध कराने की कार्यवाही के साथ-साथ उनका संचालन भी मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान चला कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर न रहे, सभी को गौशालाओं में शिफ्ट कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गौशालाओं में गोबर से नवाचार करते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से दीप एवं अन्य प्रोडक्ट बनवाने का कार्य किया जाए। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विगत वृक्षारोपण अभियान के दौरान जनपद में जो भी वृक्ष लगाए गए हैं, उनका विशेष ध्यान रखते हुए रखरखाव किया जाए एवं आगामी बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करें, की किस-किस स्थान पर कितने वृक्षारोपण किया गया था।

इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष दादरी गीता पंडित, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्रा, प्राधिकरणों से वरिष्ठ अधिकारी गण, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 'देश में ऐसी स्मार्ट टाउनशिप होना गर्व की बात'





**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने शनिवार को आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भ्रमण किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ व आईआईटीजीएनएल की निदेशक श्रीलक्ष्मी वीएस और कंपनी सेक्रेटरी पतंजलि दीक्षित ने टाउनशिप के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में प्रभारी मंत्री को जानकारी दी। टाउनशिप में अब तक हुए औद्योगिक आवंटनों के बारे में बताया।

मंत्री ने रिहायश व वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए भूखंडों के आवंटन के बारे में जानकारी ली। टाउनशिप का भ्रमण करने के बाद प्रभारी मंत्री ने सराहना करते हुए कहा कि देश में ऐसी स्मार्ट टाउनशिप का होना गर्व की बात हैं। उन्होंने वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और हर प्लॉट से पाइप के जरिए कूड़े को प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचाने और निस्तारित करने की तकनीक को समझा।

बता दें कि आईटीजीएनएल की इस स्मार्ट टाउनशिप में हायर इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मे मोबाइल, सत्कृति इंफोटेनमेंट, चेनफेंग, जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स और गुरू अमरदास समेत करीब 18 बड़ी कंपनियां करीब 6000 करोड़ रुपए निवेश कर चुकी हैं। इस टाउनशिप को प्लग एंड प्ले तकनीक से करीब 750 एकड़ में बसाया गया है। इस टाउनशिप में वर्क टू साइकिल, 24 घंटे बिजली, एलईडी लाइट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। यह टाउनशिप सीसीटीवी से भी लैस होगी। इस टाउनशिप की सुरक्षा के लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। मंत्री ने बोड़ाकी के पास प्रस्तावित मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। करीब 478 हेक्टेयर जमीन पर ये दोनों प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं।

मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब अंतर्गत रेलवे, बस अड्डा व मेट्रो कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी। बोड़ाकी के पास ही रेलवे टर्मिनल बनाया जाएगा। वहीं लॉजिस्टिक हब से उद्योगों के लिए माल ढुलाई की राह आसान हो जाएगी। निरीक्षण के दौरान आईआईटीजीएनएल के वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत महावीर सिंह, प्रबंधक महेश यादव आदि अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने धीरेन्द्र अवाना



**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की है। इसकी घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने नोएडा में वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र अवाना के आवास पर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार हाकिम सिंह ने की तथा संचालन प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर नरेश सिंह ने किया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय सचिव नरेश सक्सेना ने कहा कि आज संगठन का विस्तार राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संगठन

पत्रकारों की सुरक्षा, स्वाभिमान एवं सदाशयता के लिए सदैव काम करता है और विषम परिस्थिति के उनके साथ सदैव खड़ा रहता है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रान्तों में भी पत्रकार एसोसिएशन का काम तेजी से बढ़ा है। 1982 से शुरु हुई इस यात्रा में हमेशा पत्रकारों का हित का चिन्तन होता है।

जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र अवाना ने इस अवसर पर संगठन के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुयी कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक और तहसील में संगठन विस्तार हेतु पूरा प्रयास करुँगा तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए काम करेंगे।बताते चले कि पत्रकारिता क्षेत्र में उनके योगदान और समर्पण के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बता दे कि धीरेन्द्र अवाना नोएडा के नयाबांस गांव के निवासी हैं। वे लंबे समय से पत्रकारों के हित के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उनकी कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए संगठन ने गौतम बुद्ध नगर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हाकिम सिंह, उदय अवाना, जुनैद,संगीता चौधरी, प्रियंका शर्मा,पवन कुमार,संदीप कुमार, पंकजराज, गौरव, मंतोष, बलवीर, अशोक पंडित, सुरेश चौहान, नेमचंद चौधरी, पवन डेढ़ा, वीरेश शर्मा, परमजीत नागर आदि मौजूद रहे।

## इफको फूलपुर इकाई-1 को मिला ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार



**प्रयागराज/फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई-1 को उत्तर प्रदेश राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2024 में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, फूलपुर इकाई-2 को इस पुरस्कार के अंतर्गत प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के तत्वावधान में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के सचिव द्वारा लखनऊ में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया जिसको इफको फूलपुर इकाई के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित निशित नारायण मुख्य प्रबन्धक(प्रोसेस )ने प्राप्त किया। इफको फूलपुर इकाइयों की यह उपलब्धि ऊर्जा संरक्षण और सतत विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ये पुरस्कार दोनों इकाइयों द्वारा ऊर्जा दक्षता और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों का प्रमाण हैं।

इस अवसर पर इफको फूलपुर इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख)संजय कुदेशिया ने कहा किया इफको परिवार इस सम्मान को पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है और यह किसानों व पर्यावरण हित में कार्य करते रहने की प्रेरणा प्रदान करता है। इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव ने इस अवसर पर हर्ष व प्रसन्नता व्यक्त किया।

## मिशन शक्ति अभियान : ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने किया थानों का औचक निरीक्षण

# उत्पीड़न की फर्जी शिकायतें करने वाली महिलाओं का भी हो विशेष चिन्हांकनः डॉ0 संतराम



गौतमबुद्धनगर। डॉ0 संतराम ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी, मूल्यांकन प्रभाग, नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान की प्रगति के परीक्षण हेतु आज जनपद के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय सूरजपुर, थाना बीटा -2 ग्रेटर नोएडा, थाना कासना ग्रेटर नोएडा, थाना इकोटेक प्रथम ग्रेटर नोएडा, थाना सूरजपुर ग्रेटर नोएडा, थाना फेस-3 नोएडा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने थाने में प्राप्त महिलाओं के शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गुणवत्ता की स्थिति के परीक्षण हेतु महिला हेल्प डेस्क पंजिका, जनसुनवाई पंजिका, आगंतुक पंजिका एवं महिला उत्पीड़न शिकायत पंजिका आदि का अवलोकन किया।

निरीक्षण में ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने संबंधित थानों के थानाध्यक्षों को मिशन शक्ति अभियान की उपयोगिता, प्रभाव एवं क्रियाशीलता के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु पूर्ण रूप से दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित यूपी मिशन शक्ति अभियान के मूल्यांकन के लिए प्रदेश में रेंडम पद्धति के आधार पर अभियान की प्रगति का मूल्यांकन निर्धारित है, जिसके तहत जनपद गौतमबुद्धनगर में यह मूल्यांकन 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक किया जा रहा है।

निरीक्षण में ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि थानों में आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के शिकायती प्रार्थना पत्रों पर प्राथमिकता से संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति विकृत मानसिकता रखने वाले आपराधिक प्रवृति के लोगों को सबक मिल सके। इसके साथ ही ऐसी महिलाऐं जो थानों में बार-बार महिला उत्पीड़न की फर्जी शिकायतें लेकर आती हैं, उनका भी थाना प्रभारियों द्वारा विशेष रूप से चिन्हांकित किया जाए, जिससे इस प्रकार की महिलाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई पूर्ण की जा सके।

निरीक्षण में उन्होंने थानों में महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला इंचार्ज सहित अन्य महिला पुलिस कर्मियों से मिशन शक्ति अभियान के सफल संचालन में परिलक्षित बाधाओं को दूर करने हेतु महिला पुलिस कर्मियों से आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए, इसके साथ उन्होंने आश्वासन भी दिया कि मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शासन के समक्ष संसाधनों की उपलब्धता हेतु आवश्यक बिंदु रखे जाएंगे।

थानों का औचक निरीक्षण के उपरांत ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी, मूल्यांकन प्रभाग, नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन डॉ संतराम द्वारा नोएडा सेक्टर 27 जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा से शिष्टाचार भेंट करते हुए मिशन शक्ति अभियान की उपयोगिता, प्रभाव एवं क्रियाशीलता के महत्व के संबंध में चर्चा की गयी।

निरीक्षण के दौरान एडिशनल सीपी अजय कुमार, सम्बंधित थानों के थाना प्रभारी, महिला हेल्पडेस्क प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं थानों के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## 7 एक्स वेलफेयर टीम ने यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया जागरूक



नोएडा(चेतना मंच)। नोएडा ट्रफिक पुलिस के तत्वावधान में 7 एक्स वेलफेयर टीम और ट्रैफिक वालंटियर्स के सहयोग से सेक्टर 104 हाजीपुर में लोगों को यातायत के नियम के प्रति जागरूक किया गया। दो पहिया वाहन वाले को आई एस आई हेलमेट लगाने के बारे में बताया गया और साथ ही उसे लगाने पर उसे लॉक करने के लिए भी समझाया गया। चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट और उसके बारे में समझाते हुए सुरक्षा की बारीकियों को बताया गया। आम जनता के सहयोग से और ऐसे अभियान के माध्यम से लोगो को जागरूक करते हुए ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

7 एक्स वेलफेयर टीम लगातार ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से ये अभियान चला रही है। अभियान में ट्रैफिक पुलिस से नरेश पंवर, यातायात कर्मी और 7 एक्स वेलफेयर टीम से ब्रजेश शर्मा, महेश कुमार और विक्रम सेठी का सहयोग मिला।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं0: DCE-BL-19-20-2024**

अधिशासी अभियन्ता/पुल/चालू लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्पति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित करते है - **क्र.सं. (1). ई-निविदा सं० : DCE-BL-19-2024,** कार्य का विवरण : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, इज्जतनगर एवं वाराणसी मण्डल के विभिन्न पुलो के जंग लगे क्षतिग्रस्त बेड प्लेटों एवं होल्डिंग डाउन बोल्टों को बदलने का कार्य। अनुमानित लागत (₹) : 1,19,72,811.42, बयाने की राशि (₹) : 2,09,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य - शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि : 12 (बारह) माह। **क्र.सं. (2). ई-निविदा सं० : DCE-BL-20-2024,** कार्य का विवरण : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में स्थित पुल सं0-97(19X24.4m PG), वाराणसी मण्डल में स्थित पुल सं0-137Dn (13X30.5m OWG) एवं इज्जतनगर मण्डल में स्थित पुल सं0-270 (8X30.5m OWG) यू0ए0एस0 (ड्रोन) आधारित विजुवल निरीक्षण कार्य। अनुमानित लागत (₹) : 4,63,086.81, बयाने की राशि (₹) : 9,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य - शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि : 03 (तीन) माह। ● ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 06.01.2025 को 11.00 बजे। ● ई-निविदा की प्राप्ती की तिथि दिनांक 06.01.2025 को 10.59 बजे तक। ● ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अभियन्ता/पुल/चा0ला0/**

मुजाधि/डब्ल्यू-329 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### अटल पेंशन योजना के ग्राहकों की संख्या 7.15 करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत नामांकित कुल ग्राहकों की संख?या 7.15 करोड़ हो गई है। केंद्र सरकार की यह योजना ग्राहक को आजीवन पेंशन की गारंटी देती है। इसके ग्राहक की मृत्यु की स्थिति में इसका लाभ उसके जीवनसाथी को भी दिया जाता है। इस योजना की शुरुआत 9 मई, 2015 को की गई थी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक 2 दिसंबर, 2024 तक 7.15 करोड़ ग्राहक इसके तहत नामांकित हो चुके हैं।

### देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

**नई दिल्ली।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 6 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.235 अरब डॉलर की कमी आई है। इस दौरान भंडार घटकर 654.857 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 1.51 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी, जिससे लगातार कई हफ्तों की गिरावट रुकी थी। सितंबर के अंत में यह भंडार 704.885 अरब डॉलर के अपने अब तक के उच्च स्तर पर पहुंचा था। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 6 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.228 अरब डॉलर घटकर 565.623 अरब डॉलर रह गईं। ये परिसंपत्तियां डॉलर के अलावा यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं की कीमतों में बदलाव के कारण प्रभावित होती हैं। इस सप्ताह भारत के सोने के भंडार में भी गिरावट दर्ज की गई। सोने का भंडार 43 मिलियन डॉलर घटकर 66.936 अरब डॉलर रह गया।

### पीवी बिजली संयंत्र से 130 मेगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त होगी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार अवसंरचना कंपनी इंडस टावर्स सौर पीवी संयंत्र से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी एट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी 38.03 करोड़ रुपये में खरीदेगी। इंडस टावर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) बिजली संयंत्र से 130 मेगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त होगी। बयान में कहा गया है ?कि कंपनी ने 12 दिसंबर को व्यक्तिगत उपयोग के तहत सौर पीवी संयंत्र से नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद को लेकर विशेष उद्देश्य के लिए बनाई गई (एसपीवी) जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी एट लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौता किया है। जेएसडब्ल्यू को अक्टूबर 2024 में पारंपरिक या गैर-पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके बिजली या किसी अन्य ऊर्जा का निर्माण, विकास, स्वामित्व, उत्पादन, आपूर्ति, संचय, संचरण, वितरण, भंडारण, खरीद और बिक्री करने के लिए शामिल किया गया था।

### ब्रुकफील्ड इंडिया ने 3,500 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट ने कैसीर निर्गम के माध्यम से निवेशकों से 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस प्रायोजना के जरिये कंपनी ने उच्च-गुणवत्ता वित्तीय उत्पादों की पेशकश की। इस समाचार के अनुसार इस निर्गम के लिए संस्थागत निवेशकों ने विशेष रुप से उत्साह दिखाया है। इसमें लंबी अवधि के निवेशकों से जुड़ाव विशेष रूप से मजबूत था, जो संस्थानों, म्यूचुअल फंड, और जीवन बीमा कंपनियों से आया था। इस निर्गम को एक सफल उपाय बताते हुए, ब्रुकफील्ड इंडिया आरईआईटी ने बताया ?कि भारत में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम और भारतीय जीवन बीमा निगम ने इसमें निवेश किया है।

### थाईलैंड की ई-वीजा सेवा 1 जनवरी से शुरु होगी

**नई दिल्ली।** थाईलैंड जाने की चाह रखने वाली भारतीयों के लिए अब एक और सुविधा की शुरूआत हो रही है। जिससे देश पहुंचना अब और भी आसान होगा। अगले साल से अब इंडियन पासपोर्ट होल्डर्स को थाईलैंड के लिए ई-वीजा मिल जाएगा। नई दिल्ली स्थित रॉयल थाई दूतावास ने घोषणा की है कि थाईलैंड की ई-वीजा सेवा 1 जनवरी 2025 से भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए उपलब्ध होगी।

# आधुनिक इंजीनियरिंग की उत्कृष्ट उपलब्धि है भारतीय रेलवे का नया पम्बन

एजेंसी

**जयपुर।** देश में रेल यात्रा को अधिक सुगम एवं सुविधापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध भारतीय रेल का नया पम्बन ब्रिज भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है, जो न केवल इंजीनियरिंग की एक शानदार उपलब्धि है, बल्कि भारतीय अवसंरचना के विकास का प्रतीक भी है। रामेश्वरम द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला 2.08 किलोमीटर लंबा यह पुल पाक स्ट्रेट के नीले जल को पार करता है। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार, यह पुल भारत की मुख्य भूमि को पवित्र रामेश्वरम नगर से जोड़ता है, जो लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख तीर्थ स्थल एक सदी से भी अधिक समय तक रहा। पुराना पम्बन ब्रिज भारत का पहला समुद्री पुल व नवाचार और दृढ़ता का उदाहरण बना हुआ था। उन्होंने बताया कि 21वीं सदी की शुरूआत में पुराना पम्बन ब्रिज आधुनिक परिवहन की मांगों को पूरा करने में असमर्थ हो गया रेल यातायात की बढ़ती मात्रा और तेज व सुरक्षित कनेक्टिविटी की आवश्यकता ने सरकार को एक नई संरचना का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया, जो तकनीकी रूप से उन्नत टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार हो। शशि किरण के अनुसार, वर्ष 2019 में भारत सरकार ने इस परियोजना को स्वीकृति दी। नए उद्देश्यों के अनुरूप यह पुल पुराने पुल की सीमाओं को समाप्त करते हुए क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास के लिए एक नया रास्ता तैयार करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस परियोजना को प्राथमिकता दी गई और इसे एक प्रमुख अवसंरचना परियोजना के रूप में मान्यता दी



गई, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेगी। पंबन ब्रिज की प्रमुख विशेषताएं इंजीनियरिंग का अद्वितीय उदाहरण पम्बन ब्रिज संरचना और सौंदर्य का एक अदभुत संगम है, जिसके डिजाइन और निर्माण की कुछ प्रमुख विशेषताएं इसे भारत के सबसे उन्नत पुलों में से एक बनाती हैं। यह पुल 2.08 किलोमीटर लंबा है और इसमें 199 छोटे स्पैन (प्रत्येक 183 मीटर) हैं। इसके अलावा इसमें एक 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे समुद्री यातायात को सुगम बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह ब्रिज अपने पूर्ववर्ती पुल की तुलना में 3 मीटर ऊंचा है, जिससे बड़े जहाजों को आसानी से गुजरने का मार्ग मिलता है। इस पुल की नींव को अत्यंत मजबूत बनाया गया है। इसमें 333 पाइल्स और 101 पाइल कैप्स का उपयोग किया गया है, जो इसे न केवल वर्तमान, बल्कि भविष्य के रेल यातायात की जरूरतों को भी संभालने में सक्षम बनाते हैं। पुल का सुपर स्ट्रक्चर पूरी तरह से वेल्डेड बॉक्स सेक्शन से निर्मित है, जिससे स्प्लाइस जोड़ों की आवश्यकता समाप्त हो गई है। इसकी सतह पर एक उन्नत प्रोटेक्शन सिस्टम लगाया गया है, जो इसे लगभग 58 वर्षों तक स्थायी बनाए रखने में सक्षम है।

ब्रिज की निर्माण प्रक्रिया के तहत 99 स्पैन को सिंगल लाइन के लिए तैयार किया गया है। लिफ्ट स्पैन, जिसे साइट से बाहर तैयार किया गया था, को सटीकता से स्थापित किया गया ताकि उसका सही संरेखण और कार्यक्षमता सुनिश्चित हो सके। पुल की संरचनात्मक मजबूती की जांच करते हुए 15 किलोमीटर लगे खंड पर मंडपम छोर से एक मालगाड़ी का सफल परीक्षण किया गया, जिसने पुल की परिचालन तत्परता को प्रमाणित कर एक सुरक्षित और विश्वसनीय मार्ग सिद्ध किया है। तकनीकी श्रेष्ठताः डिजाइन और सत्यापन सहयोगात्मक डिजाइन का दृष्टिकोण ब्रिज में तकनीकी उत्कृष्टता और डिजाइन की विश्वसनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, जिसका डिजाइन इंटरनेशनल कंसल्टेंट ज्लै द्वारा तैयार किया गया और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी चेन्नई व आईआईटी मुंबई द्वारा प्रमाणित किया गया है। यह दोहरे सत्यापन की प्रक्रिया ब्रिज की संरचनात्मक मजबूती और तकनीकी उत्कृष्टता को रेखांकित करती है। वर्टिकल लिफ्ट स्पैन ब्रिज की सबसे अनूठी विशेषता इसका वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है। भारत में अपनी तरह का प्रथम यह खंड 72.5 मीटर लंबा है, जिसे समुद्री यातायात की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

## फैंटम वी2 सीरीज खरीदी के लिए उपलब्ध

**पटना।** फोन प्रेमी बहुत समय से अच्छे फोन के आने का इन्तजार कर रहे थे। आखिरकार उनका इंतजार खत्म हुआ! टेक्नो की बहुप्रतीक्षित फैंटम वी2 सीरीज अब अमेजन पर विशेष लॉन्च कीमतों पर उपलब्ध है। इसमें अल्ट्रा-स्लीक फैंटम वी फोल्ड 2 और स्टाइलिश फैंटम वी फ्लिप 2 शामिल हैं। ये फोल्डेबल फोन अपनी शानदार खूबियों और मजबूती के साथ काम और आराम दोनों के लिए बनाए गए हैं। टेक्नो ने इस सीरीज में बेहतर ड्यूरेबिलिटी, डिस्प्ले क्वालिटी, बैटरी और यूजर एक्सपीरियंस के लिए खास फीचर्स जोड़े हैं। फैंटम वी फोल्ड 2 में कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 और 4 लाख बार फोल्डिंग टेस्ट पास करने वाली एयरोस्पेस-ग्रेड हिंज शामिल हैं। यह आपकी तेजी से भागती जीवनशैली के लिए डिजाइन किया गया है। वहीं, फैंटम वी फ्लिप 2 में भी एयरोस्पेस-ग्रेड हिंज और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 8 का उपयोग किया गया है, जो इसे मजबूत और स्टाइलिश बनाता है। फैंटम वी फोल्ड 2 का 7.85 इंच का मेन स्क्रीन और 6.42 इंच का कवर डिस्प्ले, 1 लाख के अंदर मिलने वाला सबसे बड़ा




फोल्डेबल डिस्प्ले है, जो प्रोडक्टिविटी और मनोरंजन दोनों को बढ़ाता है। फैंटम वी फ्लिप 2 का 6.9 इंच का मेन स्क्रीन और 3.64 इंच का कवर डिस्प्ले स्टाइल और परफॉर्मेंस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। फैंटम वी फोल्ड 2 की 5750 एमएएच की बैटरी किसी भी फोल्डेबल फोन की सबसे बड़ी बैटरी है, जो आपको दिनभर प्रोडक्टिव बनाए रखती है। फैंटम वी फ्लिप 2 की 4720 एमएएच बैटरी और 70 वाट की फास्ट चार्जिंग के साथ, यह सुनिश्चित करता है कि आप हमेशा चार्ज रहें। फैंटम वी पेन और टेक्नो एआई सुविधाओं के साथ, फैंटम वी फोल्ड 2 आपकी प्रोडक्टिविटी को सुपरचार्ज कर देता है।

## यूपीआई से15547 करोड़ लेनदेन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल करके इस वर्ष जनवरी से नवंबर तक 223 लाख करोड़ रुपये के 15,547 करोड़ लेन-देन किए गए हैं। यूपीआई के जरिए भारत में वित्तीय लेन-देन एक उल्लेखनीय प्रभाव को दिखाता है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पोस्ट में बताया कि डिजिटल भुगतान क्रांति को आगे बढ़ाते हुए यूपीआई ने जनवरी से नवंबर, 2024 तक 223 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15,547 करोड़ लेन-देन हासिल किए हैं, जो भारत में वित्तीय लेन-देन पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रदर्शित करता है। मंत्रालय ने यूपीआई के महत्व पर प्रकाश




डालते हुए कहा कि इसको दुनियाभर के देशों में महत्व मिल रहा है। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति अंतरराष्ट्रीय गति हासिल कर रही है। यूपीआई और रूपे दोनों तेजी से देश के बाहर विस्तार कर रहे हैं। यूपीआई भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) का विकसित एक भुगतान प्रणाली मंच है। इस मंच के जरिए ग्राहक विभिन्न बैंकों के अपने सभी खातों को ला और रख सकता है। ग्राहक इन खातों के माध्यम से लेन-देन कर सकता है। यूपीआई के जरिए किन्?हीं भी दो ०?यक?तियों के मध?य स?मार्ट फोन के प्रयोग से खाता संख?या एवं आईएफएस कोड के संयोजन अथवा वर्चुअल पते जैसे भुगतान पहचानकर्ता के माध?यम से निधि अंतरण की सुविधा प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में यूपीआई सेवा सात देशों में भी उपलब्ध है। इन देशों में यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस के बाजार शामिल हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने 2016 में यूपीआई को लॉन्च किया था। यूपीआई ने कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत कर देश के भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति ला दी है।

## टाटा समूह के विमानन कंपनियों की सीट क्षमता में 20 फीसदी बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमानन कंपनियों ने घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय परिचालन की एकीकृत सीट क्षमता में 20 फीसदी की वृद्धि की घोषणा की है। एयर इंडिया को नियंत्रित करने वाले समूह द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल सीट क्षमता वर्ष 2023 में करीब 6.40 करोड़ थी जो बढ़कर चालू वर्ष में करीब 7.67 करोड़ हो चुकी है। टाटा समूह के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू यात्री सेवा के तहत सीट क्षमता पिछले साल करीब 4.58 करोड़ सीटों की थी जो 19 फीसदी बढ़कर 2024 में 5.47 करोड़ सीटों तक पहुंच चुकी है। यह विमानन कंपनियों की कुल घरेलू सीट क्षमता का 28 फीसदी से अधिक है। पिछले साल यह सभी विमानन कंपनियों की कुल सीट क्षमता का 25 फीसदी रहा था। अंतरराष्ट्रीय परिचालन में भी टाटा समूह की विमानन कंपनियों ने अपनी सीट क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए टाटा समूह की विमानन कंपनियों की सीट क्षमता 2023 में करीब 1.81 करोड़ सीटों की थी जो 21 फीसदी बढ़कर 2024 में 2.19 करोड़ सीटों की हो चुकी है। दुनिया के सबसे भरोसेमंद एक विमानन विश्लेषण फर्म के अनुसार टाटा समूह मजबूत ग्राहक आधार के बावजूद 11.9 करोड़ सीटों के साथ चालू वर्ष को अलविदा करेगा जो पिछले साल के मुकाबले 9 फीसदी अधिक है।

## रोमांचकारी नए कारनामों का मिश्रण है तेनाली रामा



**मुंबई।** सोनी सब का प्रतिष्ठित शो तेनाली रामा 16 दिसंबर से नई कहानियों और तेनाली के लिए नई चुनौतियों के साथ शो अपनी बुद्धि, हास्य और मनोरंजक कहानी कहने के विशिष्ट मिश्रण को लाने का वादा करता है। शो में राजा कृष्णदेवराय के रूप में आदित्य रेडिज और प्रतिपक्षी गिरगिट राज के रूप में सुमित कौल सहित नए कलाकार भी शामिल हैं। शो में तेनाली के विजयनगर लौटने के साथ एक रोमांचक नए चरण की शुरूआत होगी, क्योंकि राज्य से बाहर कर दिए जाने के बाद क्षेत्र वह एक संभावित खतरे का सामना करता है। विजयनगर की रक्षा करने का काम करने वाले तेनाली अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, हास्य और रणनीतिक ज्ञान का उपयोग भूमि की रक्षा के लिए करते हैं, साथ ही चार युवा, होनहार बच्चों को मार्गदर्शन देते हैं, उन्हें जीवन के बहुमूल्य सबक सिखाते हैं। अजय भालवणकर, सोनी सब के बिजनेस हेडः हमें सोनी सब पर तेनाली रामा लाकर बेहद खुशी हो रही है, यह एक ऐसा शो है जिसने टेलीविजन पर अलग-अलग आयु वर्ग के परिवारों और दर्शकों का मनोरंजन करके अपनी छाप छोड़ी है। तेनाली एक महान ऐतिहासिक शख्सियत रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हम उनकी बुद्धिमत्ता और हास्य को समकालीन परिस्थितियों में प्रासंगिक सीखों के साथ प्रदर्शित करेंगे। अभिमन्यु सिंह, संस्थापक, कॉन्टिलो एंटरटेनमेंट और तेनाली रामा के निमार्ताः तेनाली रामा जुझारूपन, बुद्धि और सहानुभूति का प्रतीक है। एक सच्चे जन नायक के रूप में उनके पास विभिन्न सामाजिक स्तरों के लोगों से जुड़ने की एक अनोखी क्षमता थी।

## वी बिहार व झारखण्ड में दे रहा 4जी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव

**रांची।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने बताया कि ओपन सिगनल की नेटवर्क एक्सपीरिएंस रिपोर्ट नवम्बर 2024 के अनुसार इसे बिहार सर्कल में उत्कृष्ट 4जी नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए सराहा गया है। इस रिपोर्ट के तहत स्मार्टफोन 4जी यूजर्स के 4जी अनुभव का मूल्यांकन किया गया। वी उपभोक्ताओं को डेटा, वॉइस, वीडियो एवं गेमिंग का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने में सबसे आगे है। ओपनसिगनल की बिहार और झारखण्ड में वी के नेटवर्क की उत्कृष्टता को दशार्ते हैं। सर्वश्रेष्ठ वीडियो, गेम्स एवं वॉइस ऐप अनुभव तथा सबसे अधिक अपलोड डेटा स्पीड के साथ वी क्षेत्र में अपने यूजर्स को 4जी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। यह पहचान देश भर में नेटवर्क के परफोर्मेन्स को बेहतर बनाने के वी के सतत प्रयासों की पुष्टि करती है। एल900, एल1800, एल2100 और एल2500 स्पैक्ट्रम बैण्ड पर वी ने बिहार और झारखण्ड में अपनी क्षमता में काफी सुधार किया है। हाल ही के महीनों में वी ने इन स्पैक्ट्रम बैण्ड्स पर 400 से अधिक लोकेशनों में 500 नई 4जी साईट्स शामिल की हैं। सर्कल में तकरीबन 8000 साईट्स के साथ वी ने आसान कवरेज और तेज इंटरनेट स्पीड को सुनिश्चित किया है। 3500 से अधिक लोकेशनों पर 2100 एमएचजेड स्पैक्ट्रम की अतिरिक्त लेयर्स नेटवर्क परफोर्मेन्स में सुधार लाई हैं। बेहतर क्षमता और स्पीड के लिए 4500 से अधिक लोकशनों पर स्पैक्ट्रम बैण्डविड्थ को 10 एमएचजेड से 13.4 एमएचजेड किया गया है।

## एचडीएफसी बैंकिंग सर्विस दो दिनों बंद रहेगी क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन




एजेंसी

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को एक महत्वपूर्ण अलर्ट दिया है जिसमें बताया गया है कि 14 और 15 दिसंबर को बैंक की कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। इसका मुख्य कारण मेंटेनेंस कार्य है। 14 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से डेढ़ बजे तक क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन बंद रहेगा। उसके बाद, नेटबैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग ऐप की सेवाएं दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से शुरू होंगी और लगभग 3 घंटे तक बंद रहेंगी। इसके साथ ही आईसीआईसीआई बैंक ने भी ग्राहकों को एक समान अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया है कि 14 और 15 दिसंबर को कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। ग्राहकों को अलर्ट दिया गया है कि इस अवधि के दौरान आरटीजीएस ट्रांजेक्शन स्थगित किए जाएंगे। ग्राहकों को सुझाया गया है कि इस अवधि के दौरान अल्टरनेटिव विकल्प के रूप में आईमोबाइल या इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करें। यह सूचना एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण है। इन समयों में सर्विस में किए गए किसी भी बदलाव की सम्यक जानकारी लेने के लिए ग्राहकों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

## किसानों को बिना गारंटी के मिल सकेगा 2 लाख तक का कृषि ऋण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खेती की बढ़ती लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों को अगले साल से बिना गारंटी के दो लाख रुपये तक का कर्ज बैंकों से मिल सकेगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 1 जनवरी से किसानों के लिए ऋण की सीमा 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि सरकार ने यह फैसला खेती की बढ़ती लागत और किसानों को आसानी से ऋण देने के मकसद से लिया है। नए निर्देश में देशभर के बैंकों से प्रत्येक



किसानों के लिए दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण के लिए जमानत और मार्जिन जरूरतों को माफ करने को कहा गया है। इस उपाय से छोटे और सीमांत भूमिधारक 86 फीसदी से ज्यादा किसानों को लाभ होगा। बैंकों को जारी दिशा-निर्देश तेजी से लागू करने और नए ऋण प्रावधानों के बारे में किसानों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। कृषि मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण तक आसान पहुंच की सुविधा मिलने की उम्मीद है। यह सरकार की संशोधित ब्याज सहायता योजना का पूरक होगा। इस योजना के तहत सरकार चार फीसदी प्रभावी ब्याज दर पर तीन लाख रुपये तक का ऋण देती है। आरबीआई ने भी पिछले हफ्ते मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद किसानों के लिए बिना गारंटी के ऋण की सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का ऐलान किया था।

## स्विट्जरलैंड ने भारत से वापस लिया एमएफएन का दर्जा

एजेंसी

**मुंबई।** स्विस कंपनी नेस्ले पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद स्विटजरलैंड ने भारत को दिया गया सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र यानी मोस्ट फेवरेट नेशन का दर्जा निलंबित (सस्पेंड) कर दिया। स्विटजरलैंड ने एमएफएन का दर्जा वापस लेने के अपने फैसले के पीछे नेस्ले से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2023 में दिए गए फैसले का हवाला दिया है। मोस्ट फेवर्ड नेशन के दर्जे वाले देश एक-दूसरे को व्यापार में



विशेष छूट देते हैं। स्विस वित्त विभाग ने हाल ही में एक बयान जारी करके कहा कि यह कदम पिछले साल भारत के सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उठाया गया है जिसमें कहा गया था कि यदि कोई देश ओईसीडी में शामिल होने से पहले भारत सरकार ने उसके साथ टैक्स डील पर हस्ताक्षर किए हैं तो एमएफएन चैप्टर लागू नहीं होता है। अब इस दर्जे के रद्द होने से भारतीय कंपनियों को स्विट्जरलैंड में ज्यादा टैक्स भरना होगा। भारत ने कोलंबिया और लिथुआनिया के साथ कर संधियों पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत कुछ प्रकार की आय पर कर दरें ओईसीडी देशों को दी जाने वाली दरों से कम थीं। बाद में दोनों देश ओईसीडी में शामिल हो गए। 2021 में स्विटजरलैंड ने व्याख्या की कि कोलंबिया और लिथुआनिया के ओईसीडी में शामिल होने का मतलब है कि समझौते में उल्लिखित 10 प्रतिशत के बजाय एमएफएन खंड के तहत भारत-स्विट्जरलैंड कर संधि पर लाभांश के लिए 5 प्रतिशत की दर लागू होगी। एमएफएनइ दर्जे के निलंबन के बाद इस फैसले का असर यह होगा कि स्विट्जरलैंड एक जनवरी 2025 से भारतीय कंपनियों के वहां अर्जित लाभांश पर 10 फीसदी टैक?स लगाएगा। स्विस विदहोल्डिंग टैक्स के लिए रिफंड का दावा करने वाले भारतीयों को ये देना होगा।

## मैकिंजी संघीय जांच से बचने को 65 करोड़ डॉलर का भुगतान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सलाहकार फर्म मैकिंजी एंड कंपनी ने दवा कंपनी पड्र्यू फार्मा के लिए किए गए कार्यों की संघीय जांच से बचने के लिए 65 करोड़ डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है। वर्जीनिया में अदालत में दायर दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। इसके मुताबिक अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए समझौते के तहत मैकिंजी आपराधिक आरोपों पर अभियोजन से बच जाएगी। हालांकि इस राहत के लिए मैकिंजी को इस राशि का भुगतान करना होगा और पांच साल के लिए नियंत्रित पदार्थों



की बिक्री, विपणन या प्रचार बंद करने जैसी शर्तों का पालन भी करना होगा। मैकिंजी के प्रतिनिधियों ने इस समझौते के बारे में टिप्पणी के लिए फोन कॉल और ईमेल संदेशों का फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया है। न्यायालय में दाखिल दस्तावेजों में कहा गया है कि पड्र्यू ने ऑक्सीकॉन्टिन दवा समेत कई उत्पादों से राजस्व बढ़ाने ।

## खास खबर

### डीएमआरसी देगा सूरजकुंड मेला के टिकट की बिक्री की सुविधा

**नई दिल्ली** । दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) पहली बार अपने मोबाइल एप और आधिकारिक वेबसाइट के द्वारा से सूरजकुंड मेला के टिकट की बिक्री की सुविधा प्रदान करेगा। डीएमआरसी ने अपने बयान में कहा गया है कि ऑनलाइन मंच के अलावा डीएमआरसी मेट्रो स्टेशन और सूरजकुंड मेला स्थल पर काउंटर पर भी टिकट उपलब्ध होगा। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 07 से 23 फरवरी, 2025 तक हरियाणा के फरीदाबाद जिले में आयोजित होगा। इस पहल के संबंध में डीएमआरसी और हरियाणा पर्यटन निगम के बीच यहां मेट्रो भवन में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। बयान में कहा गया है, समझौता ज्ञापन के अनुसार इस वर्ष वार्षिक सूरजकुंड मेले के टिकट डीएमआरसी मोमेंटम 2.0 एप पर उपलब्ध होगा। इसके अलावा, टिकट मेट्रो स्टेशन और डीएमआरसी द्वारा आयोजन स्थल पर पांच काउंटर पर भी ब्रिकी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### कर्मचारियों ने किया ईडी टीम पर हमला

**पणजी**। गोवा में एक अपतटीय कसीनो पोत के कर्मचारियों ने ईडी टीम पर हमला कर दिया। पुलिस ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना 12 दिसंबर को घटी और पुलिस ने शुक्रवार को क्रूज कैसीनो प्राइड के निदेशक, दो वरिष्ठ कर्मचारियों और कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पणजी पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक अपतटीय कसीनो पोत के कर्मचारियों ने ईडी के सहायक निदेशक और उनकी टीम पर हमला किया और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। गुरुवार को यह टीम वहां धनशोधन के एक मामले में तलाशी के लिए गई थी। उन्होंने कहा कि कसीनो निदेशक अशोक वाडिया, वरिष्ठ कर्मचारी गोपाल रामनाथ नाइक, आरती राजा और कुछ अन्य लोग इस हमले में शामिल थे। गोवा पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता और उनकी टीम को चोट पहुंचाने की धमकी दी और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया जबकि ईडी आधिकारी और टीम अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थे।

### 12 साल बाद मां बनीं अभिनेत्री राधिका आप्टे

**मुंबई**। अभिनेत्री राधिका आप्टे के घर बच्चे की किलकारियां गूंजी हैं। शादी के 12 साल बाद मां बनी हैं। उन्होंने अपने पहले बच्चे के तौर पर एक बेटी का स्वागत किया है। यह खुशखबरी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को दी है और नन्ही परी की झलक भी दिखाई है। साथ ही मां बनने के हफ्ते भर बाद ही काम पर भी लौट आई हैं। राधिका आप्टे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वो बेटी को गोद में लिए ब्रेस्टफीड करवा रही हैं। साथ ही लैपटॉप पर अपना काम कर रही हैं। इस तस्वीर को पोस्ट कर उन्होंने कैप्शन में लिखा- जन्म के बाद अपनी बच्ची को ब्रेस्ट पर चिपकाए पहली बार काम पर वापस आई। इसके साथ उन्होंने ब्रेस्टफीड, मदर ऑन वर्क, बेबी गर्ल और गर्ल्स आर द बेस्ट जैसे हैशटैग भी दिए। तस्वीर में एक्ट्रेस के चेहरे पर मां बनने की अलग ही खुशी दिख रही है।

# क्रिकेट सटोरियों के ठिकानों पर ईडी का छापा

▶ आठ करोड़ रुपये के म्यूचल फंड फ्रीज, कई सामग्री जब्त

एजेंसी

**उज्जैन**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग-अलग टीमों ने शुक्रवार को इंदौर और उज्जैन के क्रिकेट सटोरियों के ठिकानों पर छापा मार कार्रवाई की। यह कार्रवाई मनी लॉड्रिंग किए जाने की सूचना पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट और टेनिस का सट्टेबाजी रैकेट चलाने वाले उज्जैन के पीयूष चोपड़ा के ठिकानों पर गई। हालांकि, उज्जैन पुलिस को ईडी की इस कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। जानकारी के अनुसार, 14 जून-2024 को उज्जैन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्रिकेट का सट्टा खेलते नौ लोगों को




गिरफ्तार किया था। उस दौरान 14.58 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए थे। 41 मोबाइल, 19 लैपटाप, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मोबाइल सिम, विदेशी करंसी भी जब्त की गई थी। इसमें मुख्य आरोपित पीयूष चौपड़ा था। पुलिस के अनुसार पीयूष चौपड़ा लंबे समय से इंदौर रोड स्थित घर पर ही सट्टा संचालित कर रहा था। उसने लुधियाना, पंजाब और अन्य शहरों से सट्टा करने में कुशल युवकों को अच्छे रुपये देकर उज्जैन बुलाया था। यहां सारा खेल उच्च तकनीकी संसाधन उपलब्ध करवाकर चला रहा था। ईडी के अनुसार क्रिकेट सट्टेबाजी के लिए लंदनएक्स9 नामक एक वेबसाइट संचालित की जाती थी। इसके जरिए दांव लगवाया जाता था। सट्टे की राशि का ट्रांसफार हवाला के जरिए होता था। सट्टे के लेन-देन का हिसाब और जीत-हार का गणित रखने के लिए भी सटोरिये हार्स नामक एक साफ्टवेयर का उपयोग कर रहे थे। इस आनलाइन कालेधंधे और साफ्टवेयर ट्रेकिंग में अभय चौपड़ा और संजय अग्रवाल की भूमिका का भी पता चला रहा है। ईडी की अगल-अलग टीमों ने शुक्रवार को ने इंदौर और उज्जैन के पांच ठिकानों पर छापेमारी कार्रवाई की है। साथ ही पंजाब के लुधियाना शहर में भी छापे मारे। इस दौरान ईडी की टीम ने 31 लाख रुपये नकद, कुछ दस्तावेज और कुछ डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। साथ ही सटोरियों द्वारा किए गए म्यूचल फंड में निवेश व फिक्सड डिपाजिट के रूप में जमा करीब आठ करोड़ रुपये की राशि भी फ्रीज की है।

#### वेबसाइट के जरिए क्रिकेट का सट्टा

क्रिकेट का सट्टा वेबसाइट के जरिए संचालित किए जाता था। इस पूरी कार्रवाई की जानकारी स्थानीय पुलिस ने ईडी सहित अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों को भी दी थी। ईडी ने इसी सूचना के आधार और मनी लांड्रिंग की आशंका पर शुक्रवार को शहर में चौपड़ा सहित कुछ अन्य आरोपितों के ठिकानों पर दबिश दी। ईडी के अनुसार क्रिकेट सट्टे में और इससे जुड़े लेनेदेन में अभय चौपड़ा और संजय अग्रवाल नाम के व्यक्तियों की भी संलिप्तता सामने आई है। अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है।

## स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला निकला छात्र, कबूला जुर्म

एजेंसी

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पश्चिम विहार के एक स्कूल को बम की धमकी देने वाले ईमेल का पता लगा लिया है। बताया गया है कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्र ने ही स्कूल को बम से उड़ाने का ईमेल भेजा था। पूछताछ में छात्र ने अपना गुनाह कबूल कर लिया उसकी काउंसलिंग कराने के बाद उसे छोड़ दिया। उसके माता-पिता को छात्र के व्यवहार पर नजर रखने की चेतावनी दी गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने पुष्टि की है कि यह घटना शुक्रवार को दिल्ली के कई स्कूलों को भेजे गए समूह ईमेल से जुड़ी नहीं है।

दिल्ली में 30 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल भेजे जाने के बीच 12 साल के बच्चे ने भी अपने स्कूल को भी ऐसा ही ईमेल भेज दिया। जांच में खुलासा होने पर स्पेशल सेल छात्र के घर पहुंच गई। स्पेशल सेल के उच्चाधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। स्कूलों को भेजे गए ईमेल में लिखा था कि हम आपको यह सूचित कर रहे हैं कि आपके स्कूल में विस्फोटक सामग्री लगाई जा चुकी है। हमें यह भी पता है कि आप अपने स्कूल में प्रवेश करने वाले बच्चों के बैग की नियमित जांच नहीं करते हैं। हम 13-14 दिसंबर को स्कूल परिसर को बम से उड़ा देंगे। शनिवार सुबह दिल्ली के जाने माने स्कूलों समेत 30 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले थे। सुबह 6.12 बजे भेजे गए इस ईमेल में धार्मिक रेफरेंस थे और वीकेंड में स्कूल की इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। स्कूलों ने तुरंत दिल्ली पुलिस को सूचित किया, जिसने बम निरोधक दस्ते और अग्निशमन अधिकारियों को तैनात किया।

#### दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय फर्जी पासपोर्ट रैकेट का किया भंडाफोड़

# 42 लोगों को किया गिरफ्तार, 13 बांग्लादेशी

एजेंसी

**नई दिल्ली** । दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ कर 42 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में 13 बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। मामले को लेकर पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 23 एजेंट के रूप में काम कर रहे थे, जबकि अन्य यात्री के रूप में शामिल थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये रैकेट, अक्सर पड़ोसी देशों के विदेशी नागरिकों को शामिल करते हैं, भारत की सीमाओं की दिक्कतों का फायदा उठाकर भारत में प्रवेश कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवा लेते हैं। गिरफ्तार



किए गए विदेशी नागरिकों में 13 बांग्लादेश, 4 म्यांमार, 3 नेपाल और 1 अफगानिस्तान के हैं। सभी ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर भारतीय दस्तावेजों का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय यात्रा की योजना बनाई थी। अन्य गिरफ्तार लोगों में 9 पश्चिम बंगाल, 4 दिल्ली, 3 महाराष्ट्र और 1-1 उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, ओडिशा और राजस्थान से हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह रैकेट सबसे पहले विदेशी नागरिकों के लिए भारतीय दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाणपत्र फर्जी तरीके से बनाते थे, फिर इन्हीं दस्तावेजों का इस्तेमाल आगे अन्य फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए इस्तेमाल होता था जिससे भारतीय पासपोर्ट बन जाता था। यह प्रक्रिया कई राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और दिल्ली में फैले नेटवर्क के द्वारा संचालित होती थी। मार्च में, एक बांग्लादेशी नागरिक को यूएई से लौटते समय फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ पकड़ा गया था। जांच में बांग्लादेशी नागरिकों के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने वाले रैकेट का खुलासा हुआ, जिसमें चार एजेंट गिरफ्तार किए गए और 21 फर्जी पासपोर्ट बरामद हुए। जुलाई में, एक अन्य बांग्लादेशी नागरिक को कुवैत यात्रा के लिए फर्जी पासपोर्ट का उपयोग करते हुए पकड़ा गया था। मामले में महाराष्ट्र के एक एजेंट की गिरफ्तारी हुई थी।

### दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शानिवार को दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने मुद्दे पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय मंत्री शाह से मिलने का समय मांगा है। केजरीवाल ने चिट्ठी में लिखा, दिल्ली की कानून-व्यवस्था केंद्र के अधीन है। दिल्ली को अब अपराध की राजधानी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के 19 मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध में नंबर वन पर है। साथ ही हत्या के मामलों में भी दिल्ली नंबर वन है। दिल्ली में जबरन वसूली वाले गैंग सक्रिय हुए हैं। एयरपोर्ट और स्कूलों को धमकी मिल रही हैं।

## अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइल का किया सफल परीक्षण

एजेंसी

**वॉशिंगटन**। चीन और अमेरिका के बीच तनातनी वाली खबरें आती रहीं हैं। इसी बीच

अमेरिका ने अपनी मिसाइल रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए गुआम से एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया है, जिससे चीन को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि वह ताइवान युद्ध की स्थिति में अपनी सामरिक शक्ति को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। 10 दिसंबर को अमेरिकी मिसाइल डिफेंस एजेंसी ने गुआम से पहली बार एक बैलिस्टिक मिसाइल को लाइव इंटरसेप्ट किया। यह परीक्षण एजिस गुआम सिस्टम के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है और इसके साथ ही गुआम की सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए प्रयासों में एक नया कदम जुड़ गया है।

गुआम, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक प्रमुख रणनीतिक आउटपोस्ट है, इस परीक्षण के बाद अब ज्यादा सुरक्षित माना जा सकता है। गुआम में तैनात एजिस गुआम सिस्टम में एक झुकने वाला एमके 41 वर्टिकल लॉन्च सिस्टम शामिल है, जिससे मिसाइल लॉन्च के कोणों में अधिक लचीलापन मिलता है। चीन के बढ़ते बैलिस्टिक मिसाइल भंडार और सैन्य क्षमताओं को देखते हुए अमेरिका ने गुआम में एक मजबूत और मल्टी-लेवल डिफेंस नेटवर्क स्थापित करने की योजना बनाई है। इस नेटवर्क में अमेरिकी सैन्य यूनिट्स और क्षेत्रीय सहयोगी शामिल होंगे।

## विद्रोहियों ने सीरियाई जेल में बंद कैदियों को किया रिहा, दिखाई मानवता

एजेंसी

**वाशिंगटन**। अमेरिकी सेना ने सीरिया की जेल से रिहा किए अमेरिकी नागरिक को बाहर निकाल लिया है। अमेरिका अधिकारी ने बताया कि सात महीने पहले लापता हुए अमेरिकी नागरिक को पूर्व राष्ट्रपति बशर असद की कुख्यात जेल में रखा था और वह उन हजारों लोगों में से एक था, जिन्हें विद्रोहियों द्वारा इस सप्ताह रिहा किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रैविस टिमरमैन को अमेरिकी सैन्य हेलीकॉप्टर के जरिये सीरिया से बाहर निकाला है। रिहा हुए टिमरमैन ने बताया कि वह तीर्थयात्रा पर सीरिया गया था और हिरासत में रखे जाने के दौरान उसके साथ किसी भी तरह का बुरा व्यवहार नहीं किया गया। अमेरिकी नागरिक ने बताया कि विद्रोहियों ने जेल में आकर हथौड़े से दरवाजा तोड़कर उसे मुक्त कराया है। यह विद्रोहियों की मानवता को दशार्ता है। उन्हें खाने पीने का सामना भी मुहैया कराया गया। उसने बताया कि उसे सोमवार सुबह एक सीरियाई युवक और 70 महिला कैदियों के साथ रिहा किया गया है, जिनमें से कुछ के साथ उनके बच्चे भी थे। जेल में उन्हें किसी भी तरह की यातना नहीं दी गई न बुरा व्यवहार किया गया।

### 2015 के मुकाबले घटी तपेदिक की घटनाएं

**नई दिल्ली**। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा को बताया कि भारत में तपेदिक की घटनाओं में कमी आई है उन्होंने बताया कि 2015 में प्रति एक लाख की आबादी पर 237 से 17.7 फीसदी घटकर 2023 में 195 रोगी प्रति लाख रह गई है। नड्डा ने सदन में कहा कि तपेदिक से होने वाली मौतें 2015 में प्रति एक लाख की आबादी पर 28 से 21.4 फीसदी से घटकर 2023 में 22 फीसदी रह गई है। भारत सरकार ने 2025 तक तपेदिक को खत्म करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय रणनीतिक योजना लागू की है, जो संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 2030 से पांच साल पहले है।

# संभल के खग्गू सराय में मिला पुराना मंदिर, हटाया जाएगा अवैध कब्जा

एजेंसी

**संभल**। संभल में मोहल्ला दीपा सराय से सटे खग्गू सराय में 46 साल से बंद पड़े एक पुराने शिव मंदिर को डीएम और एसपी खुलवा दिया है। मंदिर काफी जर्जर हालत में था और उस पर कब्जा कर लिया गया था। दरवाजा खोलने पर मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा ओर शिवलिंग स्थापित था। एएसपी ओर सीओ ने मंदिर में प्रतिमाओं की साफ सफाई करवाई। मंदिर को पुराने स्वरूप में लौटने का प्रयास जारी है।

नगर हिन्दू सभा के संरक्षक ने बताया कि पहले यहां हिंदू आबादी हुआ करती थी लेकिन 1978 के



दंगे के दौरान डर के चलते हिंदू परिवारों यहां से पलायन कर गए। मंदिर के बराबर में एक कुआं है जो अब पुर चुका है। उस पर कब्जा कर मकान में बना लिया गया है। जिलाधिकारी ने मंदिर के बारे में पूरी जानकारी ली और मंदिर को फिर पुराने स्वरूप में लौटाने की बात कही है। साथ ही नगर पालिका की टीम को बुलाकर अवैध कब्जे को हटाने और कुएं को खुलवाने का आदेश दिया।

संभल के नखासा क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिजली चोरी का बड़ा मामला सामने आया। शनिवार सुबह 5 बजे जिलाधिकारी और एसपी ने नखासा के संवेदनशील इलाकों में पहुंचकर बिजली चोरी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। छतों पर फैले कनेक्शन और धार्मिक स्थलों पर अवैध कनेक्शन मिलने से अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाया। जांच में बिजली कर्मियों को कई घरों में हीटर और पानी गर्म करने की रॉड जैसे उपकरण मिले, जिनका इस्तेमाल कटिया के जरिए किया जा रहा था। बिजली विभाग की टीम ने बड़ी संख्या में कटिया केबल को बरामद किया है।

## सरकार किसानों से बात कर जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन तुड़वाए : गुरनाम सिंह चडुनी

**नई दिल्ली** । किसान नेता गुरनाम सिंह चडुनी हमारे साथ विशेष बातचीत में कहा है कि सरकार को जल्द किसानों से बात करके उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए और आमरण अनशन कर रहे किसान नेता श्री जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन शीघ्र तुड़वाना चाहिए,उन्होंने कहा अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन और स्वास्थ्य पर गहरी चिंता जताई. कोर्ट ने पंजाब और केंद्र सरकार को तुरंत मेडिकल सुविधा देने और



किसान नेताओं से बातचीत करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि अगर सरकार सोचती है की डल्लेवाल को शहादत हो और उसके बाद कुछ नहीं होगा तो यह उनकी गलतफहमी है, वहीं उन्होंने कहा की श्री डल्लेवाल जी की किडनी और लिवर कमजोर हो रहे है ऐसे में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है, सरकार को जिम्मेदारी के साथ किसानों से बात करनी चाहिए और उनकी समस्याओं का उन्हें हल देना चाहिए,श्री गुरनाम सिंह चडुनी ने आगे कहा की कल हम सभी एक बार फिर हम सभी खनौरी बॉर्डर में इक्ट्ठा होंगे और उसके बाद आगे की रणनीति बनाएंगे।

### स्कूल को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली**। शनिवार को फिर दिल्ली के एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके साथ ही ये इस सप्ताह दिल्ली के स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भेजने की तीसरी घटना है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने कहा, हमें सुबह 6:09 बजे डीपीएस आरके पुरम में बम होने की धमकी के बारे में फोन आया। अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन विभाग, स्थानीय पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम का पता लगाने वाली टीमें स्कूल पहुंचीं और तलाशी अभियान शुरू किया। जांच के लिए पहुंची पुलिस ने बताया कि स्कूल से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला हैं, लेकिन तलाशी जारी है।

## अडानी मुद्दे पर शरद पवार ने भी छोड़ा कांग्रेस का साथ

एजेंसी

**मुंबई**। अडानी मुद्दे पर कांग्रेस अब अकेली पड़ती नजर आ रही है। अब इंडिया गठबंधन के साथ शरद पवार की पार्टी ने भी इस मामले में बढ़ते अलगाव का संकेत दिया है। एनसीपी शरद पवार ने कहा कि संसद के समय का बेहतर उपयोग होगा अगर वह किसानों और युवाओं के मुद्दों पर चर्चा करे, न कि व्यापारी के साथ संबंधों की। कांग्रेस के सहयोगी टीएमसी, शिवसेना (यूबीटी) और समाजवादी पार्टी ने अभी तक इस मुद्दे से दूरी बना रखी है, केवल कांग्रेस ने संसद में विरोध प्रदर्शन किया है। टीएमसी ने कहा है कि उद्योगपति गौतम अडानी पर चर्चा करने से ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। अब शरद पवार के भी कांग्रेस के से पल्ला



झाड़ने के बाद कांग्रेस पर दबाव बढ़ सकता है और वह अडानी मुद्दे से पीछे हट सकती है। शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने पर बहस हुई थी। एनसीपी (एसपी) सांसद अमोल कोल्हे ने कहा कि संविधान ने संसद को संवैधानिक प्रणाली में प्रमुख स्थान दिया है। दुर्भाग्य से, कई बार हम अनुभव करते हैं कि इसे राजनीतिक युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है। व्यक्तिगत टिप्पणियों के कारण संसद को कई बार स्थगित किया जाता है। सांसाद कोल्हे ने कहा कि हमें इस बात की ज्यादा चिंता होनी चाहिए कि हमारे किसानों और युवाओं की आवाज यहां उठती है या नहीं, बल्कि एक राजनीतिक नेता का एक कॉरपोरेट के साथ क्या संबंध है, कौन सा नेता किसी के पलायन में कहां गया है, या किस विदेशी नेता ने एक स्थानीय नेता को चंदा दिया है। हम राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर चर्चा चाहते हैं, न कि राजनीतिक नारों पर। यह कुछ ऐसा है जिससे सरकार और विपक्ष दोनों को अवगत होना चाहिए। सांसद सुप्रिया सुले जो कोल्हे के बगल में बैठी थीं, पूरे भाषण के दौरान अपनी सहमति जताती रहीं।

# बंद करो लड़ाई, आपस मे हो इकाई का सन्देश देती हॉलीवुड फिल्म महायोगी


**मुम्बई** । फ एक ओर फिल्मों में आज जहां जबरदस्त हिंसा, गाली गलौज, नफरत, एक्शन, मारपीट दिखाई जा रही है वहीं ऐसे माहौल में निमार्ता निर्देशक राजन लूथरा की हॉलीवुड फिल्म महायोगी युद्ध को बंद करने का सन्देश देती है और आपसी प्रेम मोहब्ब्त और शांति की बात करती है। फिल्म इसी सप्ताह सिनेमाघरों में प्रिंस मूवीज के राकेश सभरवाल द्वारा ऑल इंडिया रिलीज की गई है।

भारत में यह फिल्म नरेंद्र शर्मा की देखरेख में रिलीज हो रही है। प्रोडक्शन हाउस त्रिलोच फिल्मस इंच यूएसए के बैनर तले निर्मित फिल्म महायोगी एक दिल को छू लेने वाली कहानी प्रस्तुत करती है।

फिल्म समीक्षा : महायोगी
लेखक निमार्ता निर्देशक क्टर : राजन लूथरा
अवधि : 1 घण्टा 44 मिनट
भाषा : अंग्रेजी
भारत रिलीज : प्रिंस मूवीज राकेश सभरवाल
रेटिंग : 3 स्टार्स

पूरे विश्व की मानवजाति प्रेम शांति से रहे और लड़ाई झगड़े न करे। दो देशों के बीच कभी युद्ध न हो ऐसा सन्देश देने वाली यह हॉलीवुड फिल्म महायोगी देखने लायक है।

फिल्म के नाम महायोगी से आपको लगेगा कि यह कोई आध्यात्मिक सिनेमा है मगर यह स्प्रिचुअल सिनेमा नही है। हालांकि फिल्म मे राजन लुथरा ने शिवजी जैसा चरित्र




ही निभाया है जो केंद्रीय किरदार है। लोगों को आज सियासत, मजहब के नाम पर आपस में लड़ते-भिड़ते देखकर परमेश्वर का दिल रो रहा है। जातिवाद, रंगभेद, नस्लभेद आज बढ़ा हुआ है। पड़ोसी देश युद्ध पर उतारू हैं लोग भी अपने पडोसी घर वालों से मिलकर रहने को तैयार नहीं हैं। हर ओर अशांति, बम, मिसाइल और मौत का तांडव जारी है। ऐसी परिस्थितियों मे जमीन के अंदर से गुस्से की ज्वालामुखी फूट रही है।

ऐसे में महायोगी हम सब से कहने आये हैं, कि अब आगे ऐसा नहीं होगा। अब इंसानियत के जागने का समय आ गया है। कलयुग खत्म होने को है और जल्द सतयुग का आरम्भ होगा। फिल्म यही मैसेज देती है कि हम धार्मिक, सामाजिक और आंतरिक भेदभाव भूल कर आपसी प्रेम, शांति और वैश्विक एकता की राहों पर चल पड़ें। तभी अच्छे दौर की शुरूआत होगी।

निमार्ता निर्देशक राजन लूथरा अपनी फिल्म ₹महायोगी हाईवे १ टू वननेस₹ के द्वारा ईश्वर का यही सन्देश लोगों तक पहुंचा रहे हैं कि आपसी प्यार व सद्भाव और एकता में ही ईश्वर बसते हैं। फिल्म में अमेरिका के शहरों सैनफ्रांसिस्को, लॉस एंजेल्स की झलकियां आकर्षक दिखती हैं वहीं हरिद्वार और केदारनाथ की खूबसूरत लोकेशन भी मन मोह लेती है। समाज के लिए जरूरी ऐसे सिनेमा को देखा जाना चाहिए।

## एक दिन में 159 शिकायतों का निपटारा जिला शाहदरा का शानदार कार्य



**नई दिल्ली**। डीसीपी श्री प्रशांत गौतम के नेतृत्व में जिला पुलिस शाहदरा ने एक दिन में 159 शिकायतों का निपटारा करके नया कीर्तिमान स्थापित किया,सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों की भारी प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें कुल 159 शिकायतकर्ता अपनी शिकायत दर्ज कराने आए। एसीपी/एसडीपीओ की निगरानी में की गई सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप सभी 159 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जो जन सेवा और त्वरित न्याय वितरण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दशार्ता है,डीसीपी शाहदरा श्री प्रशांत गौतम ने जनता के प्रति उनके विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया और नागरिक कल्याण को प्राथमिकता देते हुए कानून और व्यवस्था बनाए रखने के प्रति जिले के समर्पण को दोहराया। शाहदरा पुलिस सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने में विश्वसनीयता और दक्षता के स्तंभ के रूप में खड़ी है।

# सर्दियों में कितनी बार सिर में लगाएं तेल?



फिजिकल हेल्थ के साथ-साथ बालों का ख्याल रखना भी जरूरी है। इसके लिए हेयर केयर रुटीन को फॉलो करें। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो हमारी डाइट का भी बालों पर असर देखने को मिलता है। इसलिए जो भी खाएं हेल्दी हो और बालों को पोषण देने वाला हो। इसके साथ ही, बालों के लिए तेल भी जरूरी है। ऑयलिंग से बालों की चमक बरकरार रहती है और ये मजबूत होते हैं। हेयर केयर में ऑयलिंग सबसे जरूर स्टेप्स में से एक हैं। इससे बालों को नरिशमेंट मिलती और हेयर फॉल नहीं होता। लेकिन सर्दियां बढ़ने के साथ-साथ लोगों के हेयर वॉश करने की फ्रिक्वेंसी कम हो जाती है। हेयर वॉश कम होगा तो जाहिर सी बात है कि सिर में तेल की मालिश भी कम होगी। तो आइए जानते हैं कि आखिर सर्दियों में कितनी बार हेयर ऑयलिंग करनी चाहिए.

**हफ्ते में कम से कम दो बार हेयर ऑयलिंग**

सर्दियों के दिनों में लोग कम हेयर वॉश करते हैं। इसके चलते हेयर ऑयलिंग भी कम होती है, लेकिन स्कैल्प की ड्राईनेस से बचने के लिए हफ्ते में कम से कम दो बार हेयर ऑयलिंग जरूर करें। इसके अलावा, अगर आप हेयर वॉश करने जा रहे हैं तो हल्के गर्म पानी का ही इस्तेमाल करें। ज्यादा गर्म पानी स्कैल्प को ड्राई कर सकता है। स्कैल्प के ड्राई होने से बाल कमजोर होकर झड़ने लगते हैं।

**गुनगुना तेल**

हेयर ऑयलिंग करने के लिए आप गुनगुने तेल का इस्तेमाल करें। इससे तेल बालों की गहराई तक जाता है। गुनगुने तेल से हेयर ऑयलिंग करने की वजह से बालों की खोई हुई चमक लौट आती है। इससे बाल भी मजबूत होते हैं। बता दें कि सिर में 10 से 12 घंटे से ज्यादा तेल न लगाएं।

**सर्दियों में कौन सा तेल लगाएं**

सर्दियों में आप सिर में नारियल तेल, जैतून का तेल, अरंडी का तेल भी लगा सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो रोजाना तेल लगाना सही नहीं होता है। अगर आप रोजाना तेल लगाते हैं तो सिर में गंदगी जमा हो सकती है, जिससे रोम छिद्र बंद हो सकते हैं।



# घरों के डिजाइन और निर्माण में वास्तु शास्त्र का उपयोग

वास्तु शास्त्र इस समय पूरी दुनिया में लोकप्रिय है। ऐसा माना जाता है कि घरों के डिजाइन और निर्माण में वास्तु शास्त्र का उपयोग करने से मानव को सद्भाव और शांति की आवश्यकता होती है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य, धन और जीवन संतुष्टि भी सुनिश्चित होती है। इसलिए घर के लिए वास्तु बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि यह जीवन की गुणवत्ता निर्धारित करता है। एक अच्छे घर के लिए वास्तु की मदद से अधिक सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और व्यक्ति के जीवन से सभी नकारात्मक पहलू दूर हो जाते हैं। जैसे घर में ख़राब वास्तु खराब स्वास्थ्य, विवाह में कलह, धन संबंधी समस्या, करियर में निराशा आदि के रूप में असंतोष का कारण बन सकता है। इसलिए, घर के लिए वास्तु का उचित मार्गदर्शन और ज्ञान प्रत्येक गृहस्वामी के लिए आवश्यक है। घर बनाने से पहले, आपको वास्तु शास्त्र विशेषज्ञों से परामर्श करना चाहिए। इसका व्यक्ति के व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



**वास्तु के अनुसार घर के लिए रंगों का चयन करें**

वास्तु शास्त्र में रंगों का बहुत महत्व है। प्रत्येक रंग का वास्तु ऊर्जा से सीधा संबंध होता है। घर की दीवारों पर पेंटिंग करने से पहले आपको वास्तु ग्रिड का उपयोग करके दीवारों का विश्लेषण करना चाहिए। वास्तु पुरुष मंडल का सटीक स्थान निर्धारित करने के बाद ही दीवारों का रंग चुनना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार आमतौर पर उत्तर दिशा में लाल और पीले रंग का प्रयोग करने से बचना चाहिए । घर की दक्षिण और दक्षिण-पूर्व की दीवारों पर नीले रंग से परहेज करें। इसलिए घर के वास्तु पक्ष में कुछ रंग शुभ और अशुभ परिणाम देते हैं।

**वास्तु के अनुसार करें इंटीरियर और फर्नीचर की व्यवस्था**

घर का आंतरिक लेआउट या फर्नीचर की व्यवस्था वास्तु नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। घर के वास्तु में प्रत्येक क्षेत्र एक विशेष भूमिका निभाता है और विभिन्न आकारों का कुछ वास्तु क्षेत्रों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए, उत्तर दिशा की ओर मुख करके गोल या त्रिकोणीय आकार से बचने की आवश्यकता है। वहीं, फर्नीचर को दक्षिण या दक्षिण-पूर्व दिशा में त्रिकोण आकार में रखना लाभकारी माना जाता है।

**लकड़ी का फर्नीचर** घर के उत्तर, पूर्व और दक्षिण में रखा जा सकता है, लेकिन वास्तु नियमों के अनुसार धातु के फर्नीचर को पश्चिम दिशा में रखने की सलाह दी जाती है।

### वास्तु के अनुसार घर में लगाएं पौधे

बहुत से लोग अपने घर में अपने कुछ पसंदीदा हाउसप्लांट लगाना चाहते हैं जो वास्तव में घर की सुंदरता और प्राकृतिक ऊर्जा को बढ़ाते हैं । हालाँकि, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि वास्तु शास्त्र घर में बहुत अधिक पौधे न रखने की सलाह देता है। अपने घर में कैक्टस या अन्य कांटेदार पौधे या ऐसे पौधे न रखें जो सफेद तरल पदार्थ निकालते हैं । वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की पूर्व या दक्षिण दिशा की खिड़कियों पर इनडोर पौधे लगाने चाहिए।

### घर के लिए महत्वपूर्ण वास्तु टिप्स

- घर का मुख्य द्वार वास्तु पुरुष मंडल के शुभ स्थान पर होना चाहिए। हमेशा नैऋत्य कोण से दरवाजा बनाने से बचें।
- वास्तु के अनुसार घर में शयनकक्ष का आदर्श स्थान दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा में होता है।
- घर की रसोई हमेशा आग्नेय कोण या वायव्य कोण में बनानी चाहिए। अपनी रसोई उत्तर-पूर्व या दक्षिण-पश्चिम कोने में बनाने से बचें।
- घर के उत्तर-पूर्व में पूजा कक्ष बनाने से घर की सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। वास्तु द्वारा पूजा कक्ष के बारे में और जानें।
- मध्य भाग को ब्रह्मस्थान कहा जाता है। इस ब्रह्मस्थान में कभी भी दीवार या स्तम्भ का निर्माण न करें। अपने घर में ब्रह्मस्थान को हमेशा खाली रखें।

# ऊनी कपड़ों में स्टाइलिश



### हाथ की बुनाई वाले स्वेटर

हाथ की बुनाई वाले स्वेटर की जगह कोई भी फैशनेबल स्वेटर या ड्रेस नहीं ले सकती। दादी और नानी बड़े ही अरमान से हमारे लिए यह प्यार बुनती हैं, ऐसे में ये हमारे लिए बेहद खास बन जाते हैं। जहां तक बात आती है फैशन की, तो इस तरह के स्वेटर अब इतने ज्यादा पसंद किए जाते हैं कि अब ये आपको बाजार में और अच्छे ब्रांड में भी मिल जाते हैं। इस तरह के कपड़ों में आप स्वेटर के अलावा, जैकेट, कुर्ती, मफलर अपने वॉर्डरोब में शामिल कर सकती हैं। अगर कोई स्वेटर बहुत पुराना हो चुका है तो उसकी बुनाई खुलवाकर आप उसे नया रूप भी दे सकती हैं।

**स्टाइलिंग टिप** : आप जींस के ऊपर चौड़े गले और ढीली बांहों वाला ढीला स्वेटर पहन सकती हैं। इसके अंदर आप टर्टल नेक वाली टीशर्ट पहन सकती हैं या फिर कॉन्ट्रास्ट रंग में बड़े गले वाली टीशर्ट पहन सकती हैं। हाथ की बुनाई वाली लॉन्ग जैकेट पर आप चौड़ी लेदर बेल्ट पहन सकती हैं।

### टर्टल नेक का कोई जोड़ नहीं

टर्टल नेक लगभग हम सभी के पास होता है। इस तरह की टीशर्ट और स्वेटर हमें हर साल सर्दियों में स्टाइलिश लुक देने से पीछे नहीं रहते। टर्टल नेक की खास बात यह है कि इसे आप खाली भी पहन सकती हैं या इसके साथ लेयरिंग भी कर सकती हैं। कुछ भी समझ में न आए तो टर्टल नेक टीशर्ट पर एक साधारण सा मफलर या स्कॉर्फ भी जान डाल देता है।

### स्टाइलिंग टिप्स

इस मौसम आप बुनाई वाले टर्टल नेक क्रॉप टॉप पहन सकती हैं। इसके अलावा इस तरह के टॉप के साथ ब्लेजर, श्रग या ओवरकोट से लेयरिंग कर सकती हैं। इस तरह के टॉप को इन करके आप लेदर स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। ऐसे टॉप पर चौड़ी बेल्ट खूब फबती है। इस तरह के टॉप पर आप नेक को अंदर की तरफ पलटकर भी उसे अलग लुक दे सकती हैं।

### लेदर रहता है स्टाइलिश

लेदर के कपड़ों में आप जी भरकर स्टाइलिंग कर सकती हैं। अच्छी बात यह है कि इसका फैशन कभी नहीं जाता। बाजार में आपको लेदर ट्राउजर, स्कर्ट, ओवर कोट, जैकेट वगैरह आसानी से मिल जाते हैं। इन्हें पहनते समय और इनकी स्टाइलिंग करते वक्त बस आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। जैसे इनमें बहुत चटक रंग लेने से बचें। इमेज कंसल्टेंट सौम्या चतुर्वेदी कहती हैं कि आपको नैचुरल टोन के लेदर वाले कपड़े लेने चाहिए, जैसे ब्लैक, ब्राउन या ग्रे। इस तरह के कपड़े पूरी तरह से ऊपर से नीचे तक एक समान नहीं होने चाहिए। यानी आप इनके साथ किसी और कपड़े और रंग का कॉन्ट्रास्ट कर सकती हैं।



# सर्दियों में मक्के की रोटी खाने के फायदे

सर्दियां शुरू होते ही सरसों का साग और मक्की की रोटी ज्यादातर घरों में बनाकर खाई जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं, मक्की की रोटी सिर्फ स्वाद की वजह से ही नहीं बल्कि सेहत के लिए इसके अनगिनत फायदों को देखते हुए भी लोगों के बीच खानी पसंद की जाती है। जी हां, मक्का, जिसे भुट्टा, मकई और कॉर्न के नाम से भी पहचाना जाता है, विटामिन-ए, बी, ई के साथ आयरन, कॉपर, जिंक, मैग्नीज, सेलेनियम, पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

### इम्यूनिटी-

सर्दियों में इम्यूनिटी कमजोर होने की वजह से लोग बीमार ज्यादा पड़ते हैं। लेकिन इस मौसम में मक्के का सेवन आपकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाकर आपको बीमार पड़ने से बचा सकता है। मक्के में मौजूद जिंक और विटामिन इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखने में मदद करते हैं।

### शरीर में बनाए रखें गरमाहट-

सर्दियों में शरीर का तापमान कम होने से व्यक्ति को ठंड ज्यादा लगती है। ऐसे में बॉडी को गर्म रखने के लिए गर्म तासीर वाली चीजों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। मक्के की तासीर गर्म होती है, जिसकी वजह से शरीर में गरमाहट बनी रहती है।

### एनीमिया की समस्या से राहत-

शरीर में खून की कमी में सुधार करने के लिए भी मक्की की रोटी का सेवन किया जा सकता है। मक्की की रोटी गेंहू की रोटी की तुलना में आसानी से पच जाती है। साथ ही इसमें मौजूद जिंक, आयरन और बीटा-कैरोटीन जैसे पोषक तत्व शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की वृद्धि में अहम भूमिका निभाते हैं। जिससे शरीर में खून की कमी दूर होती है और व्यक्ति को एनीमिया की समस्या में राहत मिलती है।

### डायबिटीज रखे कंट्रोल-

सर्दियों में खानपान में बदलाव और शारीरिक गतिविधि कम होने के कारण ब्लड शुगर बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में मक्के का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। मक्के में फाइबर अधिक पाया जाता है, जो इंसुलिन को बैलेंस रखने में मदद करता है। जिससे ब्लड में शुगर का लेवल कंट्रोल रहता है।

### गर्भावस्था में फायदेमंद-

गर्भवती महिलाओं में फोलिक एसिड की कमी होने पर जन्म के समय उनके होने वाले बच्चे का वजन कम हो सकता है। ऐसे में मक्के में मौजूद फोलिक एसिड की अच्छी मात्रा गर्भवती महिला और उसके होने वाले बच्चे को लाभ पहुंचा सकती है।



# सर्दियों में आपको गर्म रखेंगे ये फूड्स



लगातार गिरते तापमान के साथ ही ठंड ने जोर पकड़ लिया है। बढ़ती ठंड ने लोगों को कंबल में दुबके रहने के लिए मजबूर कर दिया है। सर्दियों में अक्सर हमारी इम्युनिटी कमजोर हो जाती है, जिसकी वजह से हम आसानी से बीमारियों और संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। साथ ही बदलते मौसम में हमारी लाइफस्टाइल भी बदलने लगती है। इस मौसम में लोग अक्सर ऐसे फूड्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, जो उन्हें अंदर से गर्म रखे, ताकि वह ठंड से बचे रह सकें। अगर आप भी सर्दियों में खुद को गर्म रखना चाहते हैं, तो हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे फूड आइटम्स के बारे में, जिन्हें अपनी डाइट में शामिल करने से आप सर्दियों में भी खुद को अंदर से गर्म रख पाएंगे। आइए जानते हैं सर्दियों में शरीर को गर्म रखने वाले कुछ फूड आइटम्स के बारे में-

### गोंद के लड्डू



सर्दियों में अक्सर लोग गोंद को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, क्योंकि यह सर्दियों में काफी फायदेमंद होता है। गोंद के लड्डू एक मिठाई है, जो आमतौर पर सर्दियों के दौरान बनाई जाती है। ड्राई फ्रूट्स और गोंद से बने यह लड्डू स्वादिष्ट होने के साथ ही आपकी सेहत को ढेर सारे फायदे भी पहुंचाएंगे।

### कढ़ी चावल



कढ़ी चावल कई लोगों का पसंदीदा व्यंजन है, जिसे लोग बड़े चाव से खाते हैं। खासकर सर्दियों में इसे खाने से ढेर सारे फायदे मिलते हैं। यह पौष्टिक और गर्म व्यंजन आपको ठंड के मौसम में आराम पहुंचा सकता है।

### गाजर का हलवा



सर्दियां आते ही हर तरफ गाजर नजर आने लगती है। कई पोषक तत्वों से भरपूर होने की वजह से लोग इसे कई तरह से अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं। गाजर का हलवा इन्हीं तरीकों में से एक है। यह गाजर को डाइट में शामिल करने का एक स्वादिष्ट तरीका है। शुद्ध देसी घी में तैयार गाजर का हलवा सर्दियों में आपको गर्म रखने का एक स्वादिष्ट तरीका है।

### खिचड़ी



खिचड़ी का नाम सुनते ही अक्सर लोगों को बीमारों का खाना याद आ जाता है। खिचड़ी एक आरामदायक भोजन है, खासकर उन लोगों के लिए जो सर्दियों में बीमार होते हैं। हालांकि, यह स्वस्थ व्यक्ति के लिए भी एक बढ़िया विकल्प है। सर्दियों में अपने इम्युनिटी बढ़ाने के लिए आप खिचड़ी को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### सूप



सर्दियां आते ही लोग सूप को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। यह विंटर्स में हेल्दी रहने का एक आसान और स्वादिष्ट तरीका है। यह सर्दियों में आपके शरीर को गर्म करने में मदद करता है। आप अपनी डाइट में विभिन्न प्रकार के सूप जैसे चिकन सूप और टमाटर सूप आदि शामिल कर सर्दियों में अपने परिवार के साथ इसका आनंद ले सकते हैं।

# विटामिन d3 की कमी के लक्षण

**विटामिन की कमी से ब्रेन पर डालता है असर**

शरीर में विटामिन की कमी एंग्जायटी और पैनिक अटैक का कारण होती है। यह बात सुनकर आपको लग रहा होगा कि ऐसा कैसे हो सकता है? तो आइए बताते हैं सबसे पहले आप जान लीजिए कि कुछ विटामिन ऐसे हैं जिसे खाने से आपका ब्रेन काफी ज्यादा एक्टिव रहता है। यह आपके ब्रेन के काम करने के तरीका को काफी ज्यादा प्रभावित करता है। साथ ही साथ यह आपके हार्मोन्स को भी काफी ज्यादा असर डालता है। जिसके कारण डिप्रेशन की बीमारी हो सकती है और नहीं भी हो सकती है। लेकिन सवाल यह उठता है कि वह कौन सी विटामिन है जिससे ब्रेन पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है।

किस विटामिन की कमी से ब्रेन होता है प्रभावित आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जिन लोगों को शरीर में विटामिन डी-3 की कमी होती है उन्हें बहुत जल्दी-जल्दी घबराहट होने लगती है। यह ऐसा विटामिन है जो मेंटल हेल्थ के लिए काफी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, विटामिन डी दिमाग में न्यूरो-स्टेरॉइड की तरह काम करता है। और यह एंग्जायटी और डिप्रेशन को कंट्रोल करने का काम करता है। जब शरीर में इसकी कमी होती है तो सिजोफ्रेनिया अवसाद और सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर की बीमारी बढ़ती है। इसके कारण नींद से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती है।

**विटामिन डी की कमी से कैसे बचें?**

विटामिन डी की कमी से बचना है तो आपको कुछ चीजों को अपनी लाइफस्टाइल में शामिल करना पड़ेगा। सबसे पहले आप सुबह के वक्त उठकर धूप में कुछ देर बैठे। दूसरा आप अपने खाने में ज्यादा से ज्यादा विटामिन डी को शामिल करें। जैसे- अंडा, दूध, बादाम और ड्राई फ्रूट्स। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जब शरीर में विटामिन डी-3 की कमी होती है तो सेहत बुरी तरह से प्रभावित होती है। मूड स्विंग्स, डिप्रेशन के कारण विटामिन डी-3 की कमी होती है।

# सपने में बंदर दिखना शुभ है या अशुभ

स्वप्न शास्त्र के अनुसार सपने देखना महज संयोग नहीं होता है। सपने हमें भविष्य के अच्छे बुरे संकेतों के बारे में बताते हैं। सपने हमें कई बार ऐसी चीज दिखाते हैं जो हमें भयभीत कर देते हैं। सपने में नजर आने वाली हर चीज़ का कोई न कोई मतलब जरूर होता है। इससे हम भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में सतर्क हो जाते हैं। सपने में बंदर को देखना बहुत से संकेत देता है। ये संकेत अच्छे भी हो सकते हैं और बुरे भी। कई बार हम सपने में बंदर देखते हैं, जिसका हम मतलब भी जानना चाहते हैं। स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने में बंदर देखना बेहद शुभ माना जाता है। सपने में बंदर आने का मतलब है कि भगवान हनुमान की कृपा आप पर है और बनी रहेगी। साथ ही यह भी माना जाता है कि जिसको सपने में बंदर दिखते हैं, उसके जीवन में जल्द ही कोई बदलाव होने वाला है, शुभ सूचना मिल सकती है और धन का प्राप्ति हो सकती है।बंदर को हिंदू धर्म में हनुमान भगवान का प्रारूप माना जाता है। ऐसे में बंदर को सपने में देखना बहुत खास होता है। सपने में बंदर को देखने का सीधा अर्थ हनुमान जी की कृपा मिलने का संकेत है, लेकिन इसके अलावा भी कुछ संकेत इस सपने से जुड़े हुए हैं।



### बंदर को गुस्से में देखना

सपने में बंदर को गुस्से में देखना अशुभ माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार इसका मतलब होता है कि आपका किसी से झगड़ा हो सकता है और आपके मान में कमी आ सकती है और जीवन की परेशानियों का ये कारण भी बन सकता है।

### बंदर को खाते हुए देखना

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने में बंदर को कुछ खाते हुए देखना एक अशुभ सपना माना जाता है। यह सपना इस बात का संकेत करता है कि आपको भारी नुकसान होने वाला है और आने वाले समय में आपके परिवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही संकेत देता है कि आने वाले दिनों में हानि हो सकती है।

### मस्ती करते हुए देखना

स्वप्न शास्त्र में बंदर को खुश देखने में देखना एक शुभ सपना होता है। इस सपने का अर्थ है कि आपकी जिसके साथ लड़ाई हुई थी, उससे आपकी दोबारा मित्रता हो जाएगी और आपका पुराना दोस्त आपको मिलने वाला है। साथ ही साथ यह सपना इस लिहाज से भी अच्छा होता है कि आपके मान सम्मान में वृद्धि होने वाली है।

### बंदर का झुंड में देखना

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने में बंदर को झुंड में देखना एक शुभ सपना माना जाता है। यह सपने देखने का मतलब होता है कि आपका परिवार आपके साथ है और आपको धन लाभ होने वाला है। साथ ही आने वाले समय में आपके परिवार का साथ बना रहेगा और आने वाला समय खुशहाल रहेगा।

# बुरी आदतें खराब कर देती हैं बच्चों का भविष्य



माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को निखारने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। शायद ही कोई पेरेंट्स होंगे जो अपने बच्चे के लिए बुरा सोचेंगे। बावजूद इसके क्या आप जानते हैं, कई बार माता-पिता की कुछ खराब आदतें बच्चों के भविष्य की दुश्मन बन जाती हैं। बच्चों को अच्छी परवरिश देने के बावजूद उनके कदम गलत राह पर निकल जाते हैं। बच्चों के भविष्य को निखारने के लिए आइए जान लेते हैं पेरेंट्स की 5 ऐसी खराब आदतों के बारे में, जिन्हें उन्हें सबसे पहले दूर करना चाहिए।

### छोटी-छोटी बातों पर डांटना-

कई बार पेरेंट्स पार्टनर या ऑफिस की नाराजगी अपने बच्चों पर निकालने लगते हैं। ऐसे पेरेंट्स छोटी-छोटी बातों पर अपने बच्चों को डांटते या उन पर चिल्लाते रहते हैं। धीरे-धीरे बच्चों को डांटना उनकी आदत बन जाती है। समय के साथ जिसका बुरा असर बच्चों पर भी पड़ने लगता है। ऐसे बच्चे अपने पेरेंट्स को नापसंद करने के साथ उनसे बातें शेयर करने से भी डरते हैं। इतना ही नहीं ऐसे बच्चे स्वभाव से भी गुस्सैल बना सकते हैं।

### दूसरे बच्चों से तुलना ना करें-

यह आदत ज्यादातर पेरेंट्स में देखने को मिलती है। ऐसे पेरेंट्स अक्सर अपने बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से करके उनका मनोबल गिराते रहते हैं। ध्यान रखें, हर बच्चे की अपनी एक अलग खासियत होती है। इसलिए कभी भी अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से ना करें। बच्चे को हमेशा उसकी खासियत बताकर प्रोत्साहित करें।

### हर जिद्द पूरी ना करें-

कई बार बच्चों की हर जिद्द को पूरा करना उन्हें बिगाड़ सकता है। कई बार माता-पिता बच्चे के कुछ मांगने से पहले ही उसे वो चीज लाकर दे देते हैं। आपकी ये आदत बच्चों पर बुरा असर डाल सकती है।

### गैजेट्स की छूट ना दें-

आजकल पेरेंट्स बिजी होने की वजह से बच्चे को टाइम पास करने के लिए अपना मोबाइल दे देते हैं। जिसकी वजह से बच्चों का ज्यादातर समय स्मार्टफोन और गैजेट्स के साथ गुजरता है। जिसका सीधा असर उनकी आंखों और मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है।



# फिल्म फेस्टिवल में उमड़ा बॉलीवुड

बॉलीवुड इंडस्ट्री के शोमैन कहे जाने वाले दिवंगत अभिनेता राज कपूर की 14 दिसंबर को 100वीं बर्थ एनिवर्सरी है. राज कपूर की इस बर्थ एनिवर्सरी के लिए कपूर फैमिली ने खास तैयारी की है। 13 दिसंबर से लेकल 15 दिसंबर तक देश के कुछ शहरों में फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा,जिसमें राज कपूर की फिल्में दिखाई जाएंगी। मुंबई में शुक्रवार की शाम को फिल्म फेस्टिवल के मौके पर कपूर फैमिली के अलावा बॉलीवुड के तमाम स्टार्स नजर आए। इस इवेंट में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने महफिल लूट ली।

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के लुक पर लोगों की निगाहें टिक गईं। आलिया को साड़ी में फैंस ने पसंद किया तो रणबीर की मूंछों ने ध्यान खींचा,करीना कपूर अपने पति सैफ अली खान संग नजर आईं। सैफ और बेबों के नवाबी अंदाज की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। बॉलीवुड इंडस्ट्री के वेटरन एक्टर प्रेम चोपड़ा अपनी फैमिली के साथ नजर आए। उनके दामाद शरमन जोशी ने स्माइल पास करते हुए पोज दिया। राज कपूर की 100वीं बर्थ एनिवर्सरी पर आयोजित फिल्म फेस्टिवल के मौके पर कपूर फैमिली एक फ्रेम में नजर आई। ऐसा मौका बहुत कम देखने को मिलता है।आलिया भट्ट ने अपने पिता महेश भट्ट के साथ पोज दिया। वहीं, उनकी मां सोनी राजदान और बहन शाहीन भट्ट एक साथ नजर आए। रितेश देशमुख अपनी पत्नी और एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा के साथ फिल्म फेस्टिवल के आयोजन में पहुंचे। इस कपल ने काफी प्यार पोज दिया।बॉलीवुड की वेटरन एक्ट्रेस रेखा और पद्मिनी कोल्हापुरे भी राज कपूर की बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर आयोजित इवेंट में पहुंची थीं। दोनों कैमरे में कैद हुई हैं।

फरहान अख्तर अपनी पत्नी शिबानी दांडेकर और अपनी मां हनी ईरानी के साथ नजर नजर आए। तीनों एक साथ खड़े होकर पोज दिया।टाइगर श्रॉफ, विक्की कौशल और जैकी भगनानी ने भी राज कपूर की बर्थ एनिवर्सरी के इवेंट में शिरकत की। तीनों ने पैपराजी से फोटो क्लिक करवाई।



# राधिका आप्टे 12 साल बाद बनीं मां

बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे इंडस्ट्री में काफी समय से एक्टिव हैं और उन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों का ध्यान खींचा है। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली राधिका आप्टे ने अपने फैंस के साथ गुड न्यूज शेयर की है। दरअसल, एक्ट्रेस ने बेटी को जन्म दिया है और उसकी पहली झलक दिखाई है। राधिका आप्टे ने एक सप्ताह पहले बेटी को जन्म दिया था और अब फैंस के साथ जानकारी शेयर की है। इस तरह से उन्होंने गुड न्यूज से फैंस को सरप्राइज दिया है।

राधिका आप्टे की सोशल मीडिया पोस्ट पर उनके तमाम चाहने वाले फैंस बधाई दे रहे हैं। राधिका आप्टे शादी के 12 साल बाद बेटी की मां बनी हैं। उन्होंने साल 2012 में बेनेडिक्ट टेलर के साथ शादी की थी। अब ये कपल माता-पिता बन चुका है। राधिका आप्टे ने कुछ महीने पहले बेबी बंप के साथ तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया था। वहीं,अब वह मां बन गई हैं और बेटी को ब्रेस्टफीडिंग कराते हुए पहली तस्वीर शेयर की है। हालांकि, राधिका आप्टे एक सप्ताह पहले ही मां बनी हैं और इसकी जानकारी उन्होंने अपने पोस्ट में दी है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जो तस्वीर शेयर की है, उसमें आप देख सकते हैं कि वह बच्चे को फीड करवा रही हैं और सामने लैपटॉप रखा है। इसके साथ काफी खुश राधिका आप्टे ने लिखा है, 'मेरे बच्चे जन्म के एक हफ्त के बाद पहली वर्क मीटिंग।'

# विक्रम की अगली फिल्म चियान 63 की घोषणा हुई





शांति टॉकीज़ ने दक्षिण भारतीय अभिनेता विक्रम और फिल्म निर्माता मैडोना अश्विन के साथ साझेदारी करते हुए अपने नवीनतम प्रोडक्शन नंबर 3 की घोषणा की है । इस अन्टाइटल फिल्म को 'चियान 63' के नाम से जाना जाएगा, जो विक्रम की 63वीं फिल्म होगी। 'चियान 63' का निर्देशन मैडोना अश्विन करेंगी। शांति टॉकीज़ ने आधिकारिक घोषणा कर ये बताया कि लाखों दिलों पर राज़ करनेवाले चियान विक्रम सर के साथ उनके प्रोडक्शन की तीसरी फिल्म की घोषणा कर उन्हें बेहद ख़ुशी हो रही है, उनकी अब तक कि यात्रा बेहद ही प्रेरणादायी रही है, एक ऐसे अभिनेता के साथ काम करने के लिए हम बेहद उत्साहित हैं जिन्होंने कई यादगार फिल्में दी हैं। फिल्म का निर्देशन मैडोना अश्विन द्वारा किया जाएगा, जिनकी कहानी कहने का जादू हमने मंडेला और मावेरन देख लिया हैं। एक प्रोडक्शन हाउस के रूप में, हम दूसरी बार मैडोना अश्विन के साथ सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं। हम साथ में एक ऐसी फिल्म देने के लिए प्रतिबद्ध हैं , जो विश्व स्तर पर दर्शकों का मनोरंजन करेगी !"

मैडोना अश्विन ने 'मंडेला' और 'मावीरन' सहित समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों का निर्देशन किया है। यह 'चियान 63' विक्रम के साथ उनकी पहली टीम-अप होगी। दूसरी ओर, विक्रम वर्तमान में निर्देशक एसयू अरुण कुमार की 'वीरा धीरा सूरन' की शूटिंग कर रहे हैं।



# रात जेल में बिताकर घर लौटे अल्लू अर्जुन, फैंस ने मनाया जश्न


बीती शाम से ही फिल्म 'पुष्पा 2' स्टार अल्लू अर्जुन को लेकर हायतौबा मची हुई है. अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है जब संध्या सिनेमाहॉल में फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी. जिसके बाद मृत महिला के परिवार ने अल्लू अर्जुन के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया था. ऐसा होते ही हैदराबाद पुलिस ने फिल्म 'पुष्पा 2' स्टार को गिरफ्तार कर लिया। अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी ने पूरी इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया। बॉलीवुड और साउथ के सितारे लगातार अल्लू अर्जुन को सपोर्ट कर रहे हैं।

अल्लू अर्जुन एक रात जेल में बिताने के बाद पुलिस ने पुष्पा 2 स्टार अल्लू अर्जुन को जेल से रिहा कर दिया । कुछ समय पहले ही अल्लू अर्जुन अपने घर के लिए रवाना हुए । रिपोर्ट के मुताबित सुबह 8 बजे अल्लू अर्जुन को रिहा होना था, बीती रात ही अल्लू अर्जुन को बेल मिल गई थी . हालांकि अल्लू अर्जुन को रिहा होने में सुबह तक का समय लग गया। वायरल हो रहे वीडियो में अल्लू अर्जुन अपनी कार में बैठकर घर के लिए रवाना होते नजर आ रहे हैं। इस दौरान अल्लू अर्जुन उसी सफेद रंग की हुडी में नजर आए जिसे वो गिरफ्तारी के समय पहने हुए थे। घर पहुंचते ही परिवार के लोगों ने अल्लू की नजर उतारी। वहीं बेटे और पत्नी ने उनको अपने गले लगा लिया। भले ही सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद हंगामा मचा हो लेकिन इस खबर का उनकी फिल्म की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा है। बीते दिन भी अल्लू अर्जुन की फिल्म की कमाई में तेजी देखने को मिली। वहीं उस मृत महिला के परिवार ने भी अल्लू अर्जुन को सपोर्ट करना शुरू कर दिया है। मीडिया से बात करते हुए मृत महिला के पति ने कहा कि उनतो नहीं पता था कि शिकायत दर्ज करवाते ही पुलिस अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार कर लेगी। इस शख्स ने दावा किया है कि वो अल्लू अर्जुन के खिलाफ किए केस को वापस ले लेगा।

# राही से भागकर शादी करेगा प्रेम बनेगा अनुपमा का दामाद

सीरियल अनुपमा में इस समय काफी कुछ देखने को मिल रहा है. प्रेम कुंडली मारकर शाह हाउस में बैठ गया है। अपना बदला लेने के लिए प्रेम किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। प्रेम ने अनुपमा के चारों तरफ आसा जाल बिछाया है कि वो उससे बाहर ही नहीं आ सकती. प्रेम लगातार राही पर डोरे डाल रहा है।





जल्द ही प्रेम को अपने प्लान में सक्सेज मिलने वाली है। प्रेम कुछ ऐसा करने वाला है,जिसकी वजह से रातों रात अनुपमा के परिवार की इज्जत नीलाम हो जाएगी। अपनी इस रिपोर्ट में हम आपको अनुपमा में आने वाले इस ट्विस्ट के बारे में बताने वाले हैं। प्रेम अचानक ही राही के सामने प्यार का इजहार कर देगा. प्रेम बताएगा कि वो राही को कितना पसंद करता है। प्रेम की बातें सुनते ही राही को पैनिक अटैक पड़ जाएगा. पैनिक अटैक आते ही प्रेम राही को सहारा देगा। इस दौरान राही को समझ आएगा कि प्रेम उसे कितना प्यार करता है. राही बिना कुछ सोचे समझे प्रेम के प्यार को कुबूल कर लेगी.प्यार का इजहार करते ही प्रेम राही को प्यार के नाम की अंगूठी थमा देगा। परिवार से छिपकर राही और प्रेम सगाई कर लेंगे।

# शास्त्रीय संगीत के आनंद के साथ नए साल की शुरुआत



भारतीय शास्त्रीय संगीत और ललित कला को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित मंच, अर्घ्य इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड फाइन आर्ट्स फाउंडेशन एक असाधारण संगीतमय शाम "प्रारंभ 2025" का आयोजन कर रहा है, जो शुद्ध शास्त्रीय संगीत के आनंद के साथ नए साल की शुरुआत को चिह्नित करेगा। यह आयोजन 5 जनवरी को शाम 6.30 बजे बाल गंधर्व रंग मंदिर, बांद्रा में होगा। 'प्रारंभ' जो 'शुरुआत' को दर्शाता है, भारतीय शास्त्रीय कला रूपों की समृद्ध परंपराओं को बनाए रखते हुए संगीतकारों और कलाकारों की अगली पीढ़ी के पोषण के फाउंडेशन के मिशन को दर्शाता है। "प्रारंभ 2025" एक संवेदी अनुभव प्रदान करता है जो अभिनव प्रस्तुति के साथ शास्त्रीय संगीत का मिश्रण करता है।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभाशाली सारंग वेचलेकर द्वारा 45 मिनट के सितार वादन के साथ होगी, जिसके साथ प्रसिद्ध तबला वादक पंडित सत्यजीत तलवलकर भी होंगे। इसके बाद भारतीय शास्त्रीय संगीत में सबसे सम्मानित गायकों में से एक,विदुषी कौशिकी चक्रवर्ती एक मुखर प्रदर्शन के साथ मंच की शोभा बढ़ाएंगी। तबले पर पंडित सत्यजीत तलवलकर, सारंगी पर उस्ताद मुराद अली और हारमोनियम पर ज्योतिर्मय बनर्जी उनके साथ होंगे। संगीत प्रदर्शन के अलावा, शाम में भारतीय शास्त्रीय संगीत की विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने में उनके अपार योगदान के सम्मान में पंडित शशि व्यास का विशेष सम्मान आशीष शेलार –इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि द्वारा होगा। अर्घ्य इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड फाइन आर्ट्स फाउंडेशन एक ऐसा मंच प्रदान करने के लिए समर्पित है जो उभरते कलाकारों और संगीतकारों के विकास को बढ़ावा देता है, सहयोग, परामर्श और कलात्मक नवाचार को प्रोत्साहित करता है। 'अर्घ्य' व्युत्पत्ति का अर्थ है एक प्रसाद। फाउंडेशन का मिशन भारतीय शास्त्रीय संगीत की विरासत का सम्मान करना और सदियों से रूपों का पोषण करने वाले किंवदंतियों और उस्तादों की प्रशंसा करना है। अर्घ्य फाउंडेशन के निदेशक हेमा सुब्रमण्यम और पियाली गुहा, "कहते हैं की भारतीय संगीत और प्रदर्शन की शुद्धता का जश्न मनाते हुए, फाउंडेशन संवेदी प्रस्तुति को बढ़ाने के लिए नए विचारों और व्याख्याओं को अपनाने में विश्वास करता है। यह प्रसिद्ध उस्तादों के साथ होनहार उभरते कलाकारों की भागीदारी को मिश्रित करता है। दर्शकों को इस कालातीत कला रूप की गहराई और शुद्धता का अनुभव करने की अनुमति देना अर्घ्य फाउंडेशन का मुख्य प्रयास है।

# साल 2024 में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की गई हिना खान

साल 2024 खत्म होने में महज कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। साल को अलविदा कहने से पहले अक्सर लोग बीते हुए पलों को याद करते हैं। साल 2024 में कई बड़े हादसे हुए जिसने लोगों को चौंका दिया तो वहीं, कुछ ऐसी चीजे भी हुई जिसने दिलों पर राज कर लिया। इसी बीच साल 2024 में गूगल ने सबसे ज्यादा सर्च किए गए सेलेब्रिटीज की एक लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में बॉलीवुड, साउथ और हॉलीवुड सेलेब्स के नाम शामिल हैं, जिसमें से एक नाम हिना खान का भी है।

इस साल गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए गए भारतीय सेलेब्स में एक एक्टर और दो एक्ट्रेसेस का नाम शामिल हैं। जिनको इस साल गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया गया। खास बात ये है कि भारत के तीन सेलेब्स ने इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। साल 2024 में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए गए टॉप 10 की लिस्ट में भारतीय सेलेब्स के तीन हस्ति शामिल है, जिसमें हिना खान, निमृत कौर और पवन कल्याण का नाम शामिल है। इसके अलावा गूगल की ओर से जारी की गई इस टॉप 10 की लिस्ट में हॉलीवुड के कई बड़े स्टार्स का नाम भी शामिल है, जिनमें कैट विलियम्स (अमेरिकन कॉमेडियन और एक्टर), एडम ब्रॉडी (अमेरिकन एक्टर), एला पर्नेल (इंग्लिश एक्टर), कीरन कल्किन (अमेरिकन एक्टर), टेरेंस हॉवर्ड (अमेरिकन एक्टर), सटन फोस्टर (अमेरिकन एक्टर) और ब्रिगिट बोज़ो (वेनेज़ुएला एक्टर) जैसे स्टार्स के नाम है।

बता दें कि, टीवी इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस हिना खान जून में ब्रेस्ट कैंसर का खुलासा करने के बाद से ही लगातार सुर्खियों में छाई हुई हैं। सोशल मीडिया पर वो लगातार अपने हेल्थ से जुड़ी अपडेट और कीमोथेरेपी के बारे में बता रही हैं। इसी के चलते साल 2024 में उनका नाम गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली एक्ट्रेस की लिस्ट में आया है।



# इम्तियाज अली के साथ फिर से काम करना चाहती है श्रेया चौधरी

अभिनेत्री श्रेया चौधरी फिल्मकार इम्तियाज अली के साथ फिर से काम करना चाहती है। 'बंदिश बैंडिट्स' सीज़न 2 रिलीज़ हो चुका है, और दर्शकों की निगाहें एक बार फिर इस बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज़ की प्रमुख अदाकारा श्रेया चौधरी पर टिकी हुई हैं। अपनी बेहतरीन अदाकारी और आकर्षक व्यक्तित्व के लिए चर्चा में आईं श्रेया ने इस सफलता का श्रेय निर्देशक इम्तियाज़ अली को दिया है। बहुत कम लोग जानते हैं कि श्रेया ने इम्तियाज़ अली की शॉर्ट फिल्म 'द अदर वे' में भी काम किया था। 2020 में रिलीज़ हुए 'बंदिश बैंडिट्स' के पहले सीज़न के साथ ही श्रेया रातों-रात स्टार बन गई थीं।





इम्तियाज अली के साथ दोबारा काम करने की ख्वाहिश जाहिर करते हुए श्रेया चौधरी ने कहा,इम्तियाज़ सर ने मुझे यकीन दिलाया कि मैं एक्टिंग को अपना करियर बना सकती हूं। उनके साथ काम करके मुझे ये समझ आया कि बड़े सपने देखना और उन्हें पूरा करने की कोशिश करना मुमकिन है। उनके साथ काम करने का अनुभव मेरे लिए बेहद खास और सीखने लायक था। मैं बस दुआ कर रही हूं कि एक दिन मैं इम्तियाज़ अली की फिल्म में मुख्य भूमिका निभा सकूं।

श्रेया चौधरी, बोमन ईरानी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द मेहता बॉयज़' में भी नजर आएंगी, जिसमें वह अविनाश तिवारी के साथ मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2025 में रिलीज़ होगी।

इम्तियाज अली ने हमेशा नई प्रतिभाओं को सामने लाने में अहम भूमिका निभाई है। त्रिप्ती डिमरी, अभय देओल, अविनाश तिवारी, नरगिस फाखरी जैसे कई चेहरे उनके प्रोजेक्ट्स से पहचान बना चुके हैं। इम्तियाज अली के साथ दोबारा काम करने की ख्वाहिश जाहिर करते हुए श्रेया कहती हैं, "इम्तियाज़ सर ने मुझे यकीन दिलाया कि मैं एक्टिंग को अपना करियर बना सकती हूं। उनके साथ काम करके मुझे ये समझ आया कि बड़े सपने देखना और उन्हें पूरा करने की कोशिश करना मुमकिन है।

# ‘प्रकृति के सौंदर्य का नोएडा में उठाएं आनंद’

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के शिल्प हॉट के सामने बने सेक्टर-33 में स्थित हेलीपैड ग्राउंड में गुलदाउदी

**क्रिसेन्थेमम शो का नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने किया उद्घाटन**








फ्लावर शो का उदघाटन आज नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम ने किया। दो दिवसीय फ्लावर शो के उदघाटन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस शो में 12 प्रजातियों के गुलदाउदी को रखा गया है। उन सभी प्रजातियों की जानकारी देने के लिए बॉटनी के प्रोफेसर भी यहां पर हैं। यहां फूलों के पौधों की खरीदारी भी की जा सकेगी।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम ने पहले क्रिसेन्थेमम शो का उदघाटन कर शो का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सीईओ डा.लोकेश एम ने कहा कि यह दो दिवसीय प्रदर्शनी नोएडा के नागरिकों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक विशेष अवसर है, जहां विभिन्न प्रकार के क्रिसेन्थेमम फूलों की खूबसूरत प्रजातियों को प्रदर्शित किया गया है।

नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने गुलदाउदी फ्लावर शो क्रिसेन्थेमम के बारे बताया कि गुलदाउदी फ्लावर शो में प्रवेश निशुल्क है और उद्यान विभाग द्वारा नर्सरी की स्टॉलस, पुष्पों से बनी विभिन्न आकृतियां जैसे चंद्रयान, मोर आदि तैयार किए गए हैं फ्लावर शो में कुल 12 प्रजातियों की विभिन्न पौधों की प्रदर्शनी लगाई गई है। सरकारी और निजी संस्थान के स्टॉल के अलावा 20 से ज्यादा नर्सरी और स्टॉल इस शो में लगे हैं। दो दिवसीय शो में 12 प्रतियोगिताएं होंगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि शो में 6 से 18 साल तक की आयु श्रेणी के 12 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं, व्यक्तिगत प्रवेश के लिए कट फ्लावर्स और कला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उदघाटन अवसर पर नटराजन ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नृत्य प्रस्तुत किए गए।

फ्लावर शो के उदघाटन अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खन्ना, वंदना त्रिपाठी, फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, महासचिव केके जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# किसानों से बात करे सरकार: यादव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने देश कस राष्ट्रपति के नाम एसीपी नोएडा द्वितीय स्वौया गोयल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके राजेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले कुछ समय से अंबाला के शंभू बॉर्डर, जींद के खनौरी और सोनीपत के सिंघू पर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं किसानों की प्रमुख मांगे एमएसपी के अलावा कर्ज माफी, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन और बिजली दरों में बढ़ोतरी न करने की मांग कर रहे हैं। वे 2021 की लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा दिए जाने की भी मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक रुख नहीं दिखाया जा रहा है। वहीं लगभग पिछले 18 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत भी बहुत खराब हो रही है।




सरकार का ये तानाशाही रवैया ठीक नहीं है भारतीय किसान संगठन मांग करता हूं कि सरकार आगे आए और किसानों से बात करे किसान भी इस देश का हिस्सा है। इस मौके पर गौरव यादव,गुड्डू शर्मा, अशोक कुमार, रहीसुद्दीन, विष्णु तिवारी, मुकेश, चेतन आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने लिया रक्तदान का संकल्प

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिन पर जारी रक्तदान सप्ताह के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुद्ध नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी बिसरख कैम्प कार्यालय प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में अनेक कार्यकर्ताओं ने जनहित में रक्तदान किया तथा संकल्प लिया कि प्रत्येक 6 माह में वह सभी रक्तदान करेंगे।

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने इस अवसर पर कहा कि आज के समय में रक्तदान से बड़ा कोई संकल्प नहीं है आधुनिकता के दौर में बढ़ती आबादी के साथ ही साथ स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं निरंतर बढ़ रही हैं परंतु रक्त की भारी कमी है और इस कमी को सिर्फ रक्तदान करके ही पूरा किया जा सकता है। हम सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी यूं तो अलग-अलग मौकों पर अपने सगे संबंधियों के निवेदन पर आवश्यकतानुसार समय-समय अलग संस्थाओं-अस्पतालों में जाकर अथवा उनको अपने यहां आमंत्रित करके रक्तदान




पर रक्तदान करते ही रहते हैं परंतु सोनिया गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान सप्ताह के दौरान हमने यह संकल्प ले लिया है कि प्रत्येक 6 माह में हम सभी सामूहिक रूप से अलग-अलग करेंगे। जिला कांग्रेस कार्यालय प्रांगण में 56 यूनिट रक्तदान किया गया।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से गौरव लोहिया, गौतम अवाना, धर्म सिंह बाल्मीकि, अवनीत बैसोया, कपिल भाटी, सुबोध भट्ट, कैलाश बंसल, संतराज नागर, संजय त्यागी, हरेंद्र खारी, गौरव नागर, आकाश कुमार, शिवम् सिंह, अंकुश, प्रदीप सिंह, अरुण भाटी, नीरज, नवराज भरद्वाज, बिन्नू भाटी, शिवा, शिवम् सैनी, राघव मित्तल, रोहित भाटी, आलम, संजय शर्मा, विनीत नागर, अरुण कुमार, राहुल तोमर, संदीप भाटी आदि ने रक्तदान किया।

रक्तदान कार्यक्रम में मुकेश शर्मा, श्रुति कुमारी, उर्मिला चौधरी, दुष्यंत नागर, कल्पना सिंह, किशन शर्मा, संदीप नागर, रमेश चंद जीनवाल, रमेश बाल्मीकि, अरविन्द रेक्सवाल, अरुण भाटी, मोहित भाटी, कपिल भाटी एडवोकेट, लोकेश भाटी, शिवा कुमार, बिट्टू, अजय राय, आदेश कुमार, संदीप भाटी, सचिन भाटी, राजू आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



थाना फेस-2 पुलिस द्वारा हैनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश कर 5 लोगों को गिरफ्तार कियस गया। इसमें दो युवतियां भी शामिल हैं।

# एमिटी विश्वविद्यालय में टाटा मोटर्स के इंजीनियरों के लिए सर्टिफेटक कोर्स

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी और एमिटी टेक्नीकल प्लेसमेंट सेंटर द्वारा टाटा मोटर्स के 25 इंजीनियर प्रतिभागियों के कौशल को विकसित करने के लिए ऑटोइलेक्ट्रीकल एंड इलेक्ट्रोनिक्स के सर्टिफिकेट पाठयक्रम का आयोजन किया गया।



इस सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ टाटा मोटर्स के स्किल एंड डेवलपमेंट प्रमुख मार्शल फर्नान्डिस, आपॅरेशन प्रमुख पुनित कुमार, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, टाटा मोटर्स के मानव संसाधन विभागके प्रमुख सरफराज, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रमुख प्रो विवेक कुमार, एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा एस के खत्री और एमिटी टेक्नीकल प्लेसमेंट सेंटर के उप निदेशक डा अंजनी कुमार भटनागर द्वारा किया गया।

सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ करते हुए टाटा मोटर्स के स्किल एंड डेवलपमेंट प्रमुख मार्शल फर्नान्डिस ने कहा कि यह टाटा मोटर्स का द्वितीय बैच है वर्तमान में हो रहे इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास व नवचार के अनुरूप प्रतिभागियो के कौशल और ज्ञान को बढ़ाने एमिटी में इस कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। मोटर्स उद्योग में हो रही क्रांति में इलेक्ट्रिक वाहनों ने बृहद भूमिका निभाई है ऐसे में सुरक्षा, आरामदायक सफर, कम खर्च आदि क्षेत्रों में नवाचारों हो रहे है। आपसे से बहुत से ऐसे होगें जिन्होनें अपनी इंजीनियरिंग कुछ वर्षो पहले पूरी की होगी आज इसमें काफी नये परिवर्तन हो रहे है जिसकी जानकारी होना आवश्यक है। इस पाठयक्रम को करने के उपरांत आपके व्यवसायिक विकास में अवश्य सहायता प्राप्त होगी।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि एमिटी और टाटा समूह का संबंध काफी पुराना है और कई सालो से हम मिलकर कार्य कर रहे है। दोनो संस्थानों द्वारा कई क्षेत्रों में पहल की गई है और यह सर्टिफिकेट कोर्स उसी पहल की अगली कड़ी है।

